चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 290, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 20 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## दिल्ली में प्रदूषण कम हुआ, लेकिन अभी भी सतर्क रहने की जरूरत: गोपाल राय

**नई दिल्ली**

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को कहा कि राजधानी में वायु प्रदूषण के स्तर में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी सतर्क रहने की जरूरत है। वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद दिल्ली में ग्रेप-4 की पाबंदियां हटा ली गयी हैं, लेकिन ग्रेप-1 , ग्रेप-2 और ग्रेप-3 की पाबंदियां अभी लागू रहेंगी। निर्माण एवं विध्वंस कार्यों पर रोक अभी लगी रहेगी। बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल गाड़ियों के संचालन पर प्रतिबंध जारी रहेगा। दिल्ली में सिर्फ सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस-6 बसें ही आ सकती हैं। पर्यावरण मंत्री राय ने एक बयान में कहा कि हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही पानी के छिड़काव लगातार करने का आदेश दिया गया है। दिल्ली के अंदर प्रदूषण के स्तर में पिछले 2 दिनों से लगातार सुधार देखा जा रहा है और आज एक्यूआई 290 तक पहुंच गया है। राय ने बताया कि ग्रेप-3 के तहत दिल्ली में निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध लागू रहेगा। निर्माण तथा विध्वंस पर बैन से कुछ विभागों को छूट है, लेकिन उन्हें निर्माण तथा विध्वंस के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना पड़ेगा।

## चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर लिखे खालिस्तानी नारे, सुरक्षा बढ़ाई गई

**चंडीगढ़**

चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की दीवारों पर रविवार सुबह खालिस्तानी नारे लिखे मिले। इसके बाद कनाडा में बैठे खालिस्तान आंदोलन के स्वयंभू नेता और प्रतिबंधित तथाकथित संगठन सिख फॉर जस्टिस के अध्यक्ष गुरपतवंत सिंह पन्नू का वैमनस्य फैलाने वाला वीडियो सामने आया। इसमें वह कहता है कि एसएफजे की अमृतसर, अहमदाबाद, दिल्ली हवाई अड्डों पर पहुंच है। सिख राष्ट्र के हितों की रक्षा के लिए 19 नवंबर के बाद एयर इंडिया के साथ उड़ान न भरें। इसके बाद चंडीगढ़ हवाई अड्डे की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एयर इंडिया के संबंध में पन्नू ने कुछ दिन पहले भी वीडियो जारी किया था।

# 'कांग्रेस का मतलब झूठे वादे, झूठी सौगंध और झूठा प्रचार'

### पीएम नरेंद्र मोदी के चुनावी भाषण में भी क्रिकेट का रंग दिखाई दिया, कांग्रेस नेता एक दूसरे को रन आउट करते रहे, बाकी हिट विकेट हुए जा रहे

**नई दिल्ली/झुंझुनू**

**प्रधानमंत्री** और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राजस्थान के झुंझुनू में चुनावी जनसभा में कहा कि कांग्रेस का मतलब झूठे वादे, झूठी सौगंध और झूठा प्रचार है। वहीं मोदी का मतलब गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने जगदीप धनखड़ को उप राष्ट्रपति बनाया। कांग्रेस ने उनका विरोध किया था। कांग्रेस को धनखड़ का राजस्थान आना अच्छा नहीं लगता। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत रामदेव जी, तेजाजी, शाकम्भरी माता की जय से की। उन्होंने कहा कि यह परमवीर चक्र विजेता पीरू सिंह की भूमि है। उन्होंने चूरू में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया। सड़क हादसे में 6 पुलिसकर्मियों की मौत पर शोक जताया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार, परिवारवाद की परंपरा विकसित की है। उन्होंने पेपर लीक को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और कहा कि पिछले 5 साल से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सरकार बनने पर पेट्रोल-डीजल के दामों की समीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हर हिंदू पर्व-त्योहार पर पत्थरबाजी हो रही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत ने माना कि उनके विधायकों और उम्मीदवारों ने पिछले 5 साल में कोई काम नहीं किया। ऐसा इसलिए क्योंकि राजस्थान में जादूगर और बाजीगर का खेल चल रहा था। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता पैसा लूटने में व्यस्त थे जिससे कांग्रेस ने राजस्थान को बर्बाद कर दिया, क्या उन्हें यहां सत्ता में वापस आना चाहिए? उन्होंने कहा कि आज करोड़ों लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। जन औषधि केंद्रों पर दवाएं 80 फीसदी की छूट पर दी जा रही हैं।



## गारंटियों से जो माहौल बना, उससे घबरा गई है भाजपा: गहलोत

**गहलोत ने कहा-** कांग्रेस के जनकल्याणकारी कार्यों और गारंटियों से जनता में जो माहौल बना है, उससे भाजपा को भी डर लगने लगा है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार अपने भाषणों में मोदी गारंटी शब्द का उपयोग करते हैं। उन्हें क्या लगता है मोदी गारंटी शब्द का उपयोग करने से जनता मूर्ख बन जाएगी, कांग्रेस की गारंटियों का असर खत्म हो जाएगा। यह सब उनकी गलतफहमियां हैं। भाजपा का घोषणा पत्र उठाकर देख लीजिए, वे कांग्रेस सरकार की योजनाओं की कॉपी कर रही हैं, अधिकांश घोषणाएं वह हैं जिनका फायदा कांग्रेस सरकार में जनता को पहले ही मिल रहा था, कुछ वह हैं जो हम कांग्रेस की 7 गारंटियों में दे रहे हैं।

## राहुल ने राजस्थान में भी चला जातिगत जनगणना का दांव

**जयपुर**

**राजस्थान** में एक तरफ मौसम का मिजाज दिन-ब-दिन ठंडा हो रहा है। वहीं, दूसरी तरफ सियासत से अंगारे बरस रहे हैं। विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार भी परवान चढ़ने लगा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बूंदी दौसा और सीकर जनसभा को संबोधित करने पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोला। बूंदी के गोठड़ा में रविवार को चुनावी सभा में राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी यहां आते है तो दलित, गरीब और किसानों की बात करते हैं। लेकिन, सच्चाई तो ये है वो अदाणी के लिए काम करते हैं और उन्हें ही आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं।



राहुल गांधी दौसा, सीकर के बाद बूंदी में जनसभा करने पहुंचे। बूंदी में हिंडौली विधायक अशोक चांदना ने भारत माता की जय का नारा लगाया तो राहुल गांधी ने पूछा कि भारत माता कौन है? उन्होंने कहा, ये भारत माता धरती है और हर आदमी जिसमें इस नारे की आवाज गूंजती है वो भारत माता है। मैंने सदन में भी पूछा था कि कौन भारत माता है ?

**भारत माता को जानने जातिगत जनगणना करवानी होगी**

राहुल गांधी ने कहा कि भारत माता के बारे में जानने के लिए जातिगत जनगणना करानी होगी। उन्होंने कहा कि देश की आबादी में 50 फीसदी आबादी पिछड़ों की है। इसके अलावा दलितों की 15 फीसदी और आदिवासियों की 12-14 फीसदी है।

## 'नवलगढ़ नपा को बनाएंगे नगर परिषद, 500 का गैस सिलेंडर 400 तक लाएंगे'




**नवलगढ़/खेतड़ी/चौमूं**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पिछले 5 वर्षों में सुशासन दिया है। कुशल वित्तीय प्रबंधन से जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर हर घर को लाभान्वित किया है।

प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए गत चुनावों से पूर्व जारी जनघोषणा पत्र में किए वादों में 90 प्रतिशत से अधिक को पूरा कर आमजन के प्रति प्रतिबद्धता निभाई है। अब दिसम्बर, 2023 में फिर से राजस्थान में कांग्रेस सरकार बन रही है। हम योजनाओं का दायरा बढ़ाते हुए मजबूत करेंगे। साथ ही, कांग्रेस की 7 गारंटियों को लागू करेंगे। गहलोत रविवार को नवलगढ़ और खेतड़ी तथा जयपुर के चौमूं में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां से कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री सलाहकार की भूमिका निभाते हुए प्रदेश के साथ-साथ नवलगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं रखी है। क्षेत्र में कन्या महाविद्यालय, पी.जी संकाय, जिला अस्पताल, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, एडीजी कोर्ट, खेल मैदान, औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार किया गया है। खेतड़ी में उप जिला अस्पताल, पुलिस थाना, कृषि उपज मंडी, स्वास्थ्य केंद्र, सड़कों का विकास सहित कई महत्वपूर्ण कार्य कराए है।

## पराली जलाने पर पंजाब में 932 केस दर्ज, 7405 मामलों में डेढ. करोड़ जुर्माना

**चंडीगढ़**

**पंजाब में** पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए पंजाब पुलिस के ठोस यत्नों के सार्थक नतीजे सामने आए हैं। पिछले दो दिनों में खेतों में पराली जलाने के मामलों में बड़ी गिरावट आई है। दरअसल, पराली जलाने के मामलों पर पूर्ण रूप से रोकने सम्बन्धी सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करने के लिए डीजीपी गौरव ने पराली जलाने के मामलों के विरुद्ध कार्रवाई की निगरानी के लिए स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला को पुलिस नोडल अफसर नियुक्त किया गया है। रविवार को विशेष पुलिस महानिदेशक अर्पित शुक्ला ने



बताया कि राज्य में रविवार और शनिवार को पराली जलाने के क्रमवार 740 और 637 मामले दर्ज किये गए हैं। उन्होंने कहा कि डीजीपी ने राज्य में पराली जलाने के मामलों की समीक्षा करने के लिए सभी सीनियर अधिकारियों, रेंज अफसरों, पुलिस आयुक्तों, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और स्टेशन हाऊस अफसरों (एसएचओज) के साथ रोजाना बैठकें की जा रही हैं।

## सिलक्यारा सुरंग हादसा : चार अलग-अलग एजेंसियां कर रहीं चार स्थानों से खुदाई

**उत्तरकाशी**

उत्तराखंड के जिला उत्तरकाशी की सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग में फंसे हुए 41 श्रमिकों को बचाने के लिए कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। रविवार को रेस्क्यू ऑपरेशन का 8वां दिन है और पहाड़ी के ऊपर से एक "वर्टिकल होल" बनाने के लिए ड्रिलिंग की जा रही है। ताजा जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने अब विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से इन चार मोर्चों पर एकसाथ बचाव अभियान चलाने का निर्णय लिया है।



पहले मोर्चे की जिम्मेदारी एसजेवीएनएल (सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड) उठाएगा। वे सुरंग के ऊपर 120 मीटर लंबी और 1 मीटर चौड़ी वर्टिकल सुरंग के लिए खुदाई करेंगे। दूसरे मोर्चे की कमान नवयुगा इंजीनियरिंग संभालेगी। वे फिर से लगभग 60 मीटर लंबाई की सुरंग की खुदाई करेंगे। तीसरा मोर्चा टीएचडीसी संभालेगी। वे भी विपरीत दिशा से लगभग 400 मीटर सुरंग की खुदाई करेंगे। चौथा मोर्चा ओएनजीसी उठाएगी। वे संभवतः नीचे से हॉरिजोंटल तरीके से सुरंग खोदेंगे। उल्लेखनीय है कि एनएचआईडीसीएल (राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड), ओएनजीसी (तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम), एसजेवीएनएल (सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड), टीएचडीसी और आरवीएनएल को जो जिम्मेदारी दी गई है।

## 30 नवंबर को वोटिंग के बाद '30 प्रतिशत कमीशन सरकार' की विदाई तय: जेपी नड्डा



**हैदराबाद**

तेलंगाना में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि बीआरएस की सरकार 30 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार है। उन्होंने दावा किया कि 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद बीआरएस को बोरिया बिस्तर समेटना पड़ेगा। नड्डा ने सत्तारूढ़ दल के विधायकों पर राज्य सरकार की 'दलित बंधु' योजना में 30 प्रतिशत कमीशन वसूलने का आरोप लगाया।

**भाजपा की सरकार बनने पर करप्शन की जांच**

मतदान से पहले चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को तेलंगाना की जनता से भाजपा का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने नारायणपेट में भाजपा की रैली में यह भी आरोप लगाया कि कालेश्वरम सिंचाई परियोजना ने मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव के लिए "एटीएम के रूप में काम किया" और यह "भ्रष्टाचार का प्रतीक" बन गया। उन्होंने कहा कि भाजपा तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद परियोजना में कथित भ्रष्टाचार की जांच करेगी और दोषियों को जेल भेजेगी।

**तेलंगाना में ईंधन की कीमतें सबसे अधिक**

मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर वोटों की खातिर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए, भाजपा प्रमुख ने कहा कि उन्होंने एक विशेष समुदाय के आरक्षण को 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव करने के अलावा उर्दू को दूसरी आधिकारिक भाषा बनाने का फैसला लिया।

## मुख्यमंत्री ने छठ घाटों का किया भ्रमण, अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

**पटना**

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दानापुर के नासरीगंज घाट से गायघाट तक स्टीमर के जरिए गंगा नदी के विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण किया और छठव्रतियों एवं राज्यवासियों को छठ की शुभकामनाएं दीं। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। घाटों पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अभिवादन हाथ उठाकर किया। मुख्यमंत्री ने भी सभी लोगों का अभिवादन हाथ उठाकर स्वीकार किया। छठ घाटों के भ्रमण से पहले एक अणे मार्ग स्थित आवास में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने परिवार के निकट सदस्यों के साथ अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। साथ ही राज्यवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री छठ व्रतियों की सुविधाओं को लेकर छठ घाटों का भ्रमण करते रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर छठ घाटों पर व्रतियों की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर प्रशासन की तरफ से पूरे तौर पर प्रयास किये गये हैं ताकि लोगों को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो। मुख्यमंत्री ने आज के इस अवसर पर पूरे प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## भारत ने गाजा में फंसे लोगों की मदद के लिए 32 टन राहत सामग्री भेजी

**नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना का सी-17 परिवहन विमान गाजा में छिड़े इजराइल-हमास युद्ध में फंसे नागरिकों की मदद के लिए 32 टन सहायता सामग्री लेकर आज (रविवार) मिस्र के एल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ। भारत ने कहा है कि वह फिलिस्तीन के नागरिकों को लिए मानवीय सहायता प्रदान करता रहेगा। विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक्स पर यह सूचना साझा करते हुए कहा है कि हम फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। भारत के इन्हीं प्रयासों के तहत भारतीय वायु सेना का सी-17 विमान 32 टन राहत सामग्री लेकर रवाना हुआ है। इससे पहले भी भारत ने गाजा में फंसे लोगों की मदद के लिए 22 अक्टूबर को वायु सेना के विमान से राहत सामग्री भेजी थी।

# प्रधानमंत्री के दौरे से पहले मुख्यमंत्री ने मथुरा में परखी तैयारियां

## मुख्यमंत्री योगी ने मथुरा-वृंदावन के प्रमुख मंदिरों में किया दर्शन पूजन, सीएम योगी ने की पीएम मोदी के मथुरा दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

मथुरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर यहां हो रही तैयारियों की समीक्षा करने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर मथुरा-वृंदावन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने को व्यवस्थाओं व सुरक्षा संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। सीएम योगी ने यहां श्री द्वारिकाधीश मंदिर, श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर, श्रीबांके बिहारी मंदिर और प्राचीन मदन गोपाल मंदिर में दर्शन किया और विधि-विधान से पूजन-अर्चन करके समस्त प्रदेशवासियों के लिए मंगल कामना की। मुख्यमंत्री ने सभी मन्दिरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने आवागमन मार्गों, प्रवेश एवं निकास द्वारों का जायजा लिया तथा सुदृढ़ व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का दौरा किया तथा अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।



**ब्रजरज उत्सव मेले का सीएम ने लिया जायजा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर रविवार को मथुरा पहुंचे। सीएम योगी धोली प्याऊ के रेलवे मैदान पर चल रहे ब्रजरज उत्सव मेले में पहुंचे। उन्होंने समूचे मैदान में भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 23 नवंबर को ब्रजरज उत्सव में शामिल होने वृंदावन आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद और पर्यटन विभाग की ओर से रेलवे मैदान पर 14 से 27 नवंबर तक ब्रजरज उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत संत मीराबाई का जन्मोत्सव भी मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश ब्रजतीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कान्त मिश्र ने मुख्यमंत्री को संत मीरा बाई की 525 वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में जन्मोत्सव आयोजन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 नवम्बर को सांसद हेमा मालिनी द्वारा भक्त मीरा-वैले की प्रस्तुति दी जायेगी, जिसमें प्रधानमंत्री सम्मिलित होंगे।

**पीएम के आगमन की तैयारियों को सीएम ने परखा**

मैदान में भ्रमण दौरान जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने योगी को 23 नवम्बर को प्रधानमंत्री के आगमन पर की जा रही तैयारियों के बारे में बताया। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं उत्तर प्रदेश ब्रजतीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने मेले के मानचित्र के माध्यम से प्रवेश एवं निकास द्वार, मंच, कार्यक्रम स्थल, पदर्शनी स्थल, फूड स्टॉल, झूला क्षेत्र, हस्तशिल्प प्रदर्शनी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मेला परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, सीटिंग प्लान, प्रवेश एवं निकास द्वार, टॉयलेट, शौचालय आदि की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

# उमेश पाल हत्याकांड में बिरयानी विक्रेता पर 50 हजार का इनाम, नफीस की कार से ही आए थे कातिल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में बिरयानी रेस्टोरेंट संचालक नफीस पर शनिवार को 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया गया। आरोपी लंबे समय से फरार है। उस पर हत्याकांड की साजिश में शामिल होने का आरोप है। असद समेत अन्य शूटरों ने वारदात में जिस क्रेटा कार का इस्तेमाल किया, वह नफीस की ही थी।इसके अलावा नफीस पर अतीक के परिजनों को आर्थिक मदद पहुंचाने का भी आरोप है। आरोप है कि उसके रेस्टोरेंट में अशरफ ने पैसा लगाया था। रेस्टोरेंट से होने वाली कमाई का आधा हिस्सा वह अशरफ को पहुंचाता था। वह रोशनबाग, गुलाबबाड़ी का रहने वाला है।

## रेस्टोरेंट के कारखाने पर चला था बुलडोजर

उमेश पाल हत्याकांड से कुछ साल पहले नफीस के रेस्टोरेंट कारखाने को बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त भी करवा दिया गया था। दरअसल, तब उसका रेस्टोरेंट सिविल लाइंस में एमजी मार्ग पर था। जबकि कारखाना नवाब यूसुफ रोड पर स्थित था। माफिया के खिलाफ चले अभियान के दौरान ही पुलिस को पता चला था कि यह कारखाना जिस जमीन पर स्थित था, उसे अतीक ने जबरन कब्जाया था। इसके बाद ही पुलिस व पीडीए की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए इस कारखाने को ध्वस्त करा दिया था।

### वांछितों में पांचवां इनामी

इस कार्रवाई के बाद उमेश पाल हत्याकांड में नफीस वांछित चल रहा पांचवां इनामी बन गया है। फरार चल रहे गुड्डू मुस्लिम, साबिर व अरमान पर पांच-पांच लाख जबकि शाइस्ता परवीन पर 50 हजार का इनाम घोषित है। अब नफीस का नाम भी इनामियों में शामिल हो गया है। हत्याकांड में अशरफ की पत्नी जैनब व बहन आयशा नूरी भी वांछित हैं, लेकिन उन पर अभी इनाम नहीं घोषित किया गया है।

उमेश पाल हत्याकांड में उसकी कार का इस्तेमाल होने की बात सामने आने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर लंबी पूछताछ भी की थी। इसके साथ ही सिविल लाइंस स्थित उसका रेस्टोरेंट भी बंद हो गया था।

## एनजीबीयू में देशभर से जुटेंगे प्राणी विज्ञान के विशेषज्ञ

### पांच दिवसीय व्याख्यान शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए होगी बेहद उपयोग

**हनुमानगंज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय कोटवां जमुनीपुर में समाजशास्त्र विभाग के आयोजन में भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद (आईसीएस?एस?आर) के बैनर तले सोमवार से पाँच दिवसीय रिसर्च मेथाडोलॉजी कोर्स कार्यशाला में देशभर से प्राणी विज्ञान के विशेषज्ञ जुटेंगे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलाधिपति जेएन मिश्र करेंगे। इस कार्यशाला में प्रो आरएन त्रिपाठी, प्रो रामाशंकर त्रिपाठी, प्रो हिमांशु शेखर झा, डॉ किशोर कुमार, डॉ आशुतोष पांडेय, प्रो डीएस राजपूत, डॉ दुर्गेश त्रिपाठी, डॉ रमेश कुमार शर्मा, डॉ अजय कुमार गुप्ता, प्रो डीआर साहू, प्रो ओम प्रकाश भारती, प्रो दीप्ति कौशिक, प्रो बृजेश कुमार सिंह, प्रो आशीष सक्सेना, प्रो प्रबुद्ध मिश्रा, डॉ अविनाश पांडेय,, डॉ प्रतीक उपाध्याय, डॉ रुचि दुबे, डॉ गरिमा मौर्य आदि विशेषज्ञ बोधपूर्ण तथ्यान्वेषण एवं यथासंभव प्रभूत सामग्री संकलित कर सूक्ष्मतर विश्लेषण विवेचन नए तथ्यों, सिद्धांतों पर व्याख्यान देंगे। मेथाडोलॉजी कोर्स शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए यह व्याख्यान अत्यंत उपयोगी होगा।





# इंदिरा मैराथन दौड़ के दौरान नये यमुना पुल पर लगे रहे एसपीओ टीम के जवान

**नैनी।** नैनी 38वीं अखिल भारतीय इंदिरा मैराथन दौड़ रविवार को आनंद भवन से आरंभ हुई।धावक स्वराज भवन, इलाहाबाद विश्व विद्यालय,धोबी घाट चौराहा, डीआईजी ऑफिस चौराहा, एजी आफिस, पोलो ग्राउंड चौराहा, इलाहाबाद हाईकोर्ट, हनुमान मंदिर चौराहा, बीमेडिकल चौराहा, सीएमपी, डाटपुल, बैरहना, नया पुल, डांडी, चाका ब्लाक भंडरा होते हुए दांदूपुर भारत पेट्रोल पंप तक पहुंचा।फिर इसी मार्ग से वापस आकर धावक चंद्रशेखर आजाद पार्क के गेट नंबर एक से प्रवेश कर मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में समापन स्थल तक पहुंचे।सुरक्षा व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस तैनात रही वहीं नैनी क्षेत्र में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर उपजिलाधिकारी करछना एसीपी करछना एवं नैनी थाना प्रभारी के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम प्रशासन के साथ यमुना पुल पर व डांडी चौराहे पर प्रशासन के साथ सेवा में मुस्तैद रही। इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह, उप प्रभारी परवेज अहमद, जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली,संगठन सचिव रविंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल, रामजी जायसवाल, समीर खान, प्रदीप कुमार, राकेश सोनकर, सुशील शर्मा, तस्लीम खान, सुरेंद्र गुप्ता, सुभम प्रजापति, वसीम खान, सलीम रहमान, संजीव कुमार, तौसीफ खान, दिनेश सोनकर, सोनू भारतीया, दिनेश केसरवानी, राम जी, मयंक कुमार, मो. फिरोज आदि रहे।

# कांची काम कोटि के शंकराचार्य ने की श्रृंगवेरपुर धाम में गंगा आरती

अखंड भारत संदेश



**श्रृंगवेरपुर।** श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि निषाद राज की नगरी भगवान श्री सीताराम केवट मिलनस्थली श्रृंगवेरपुर धाम में रामायण मेला आयोजन समिति द्वारा संचालित साप्ताहिक विशेष एवं भव्य गंगा आरती में आज कांची काम कोटि जगतगुरु शंकराचार्य शंकर विजेंद्र सरस्वती जी महाराज ने बतौर मुख्य अतिथि आरती उतारी और श्री महाराज जी ने यह भी कहा कि श्रृंगवेरपुर धाम वह भूमि है जो अपने अस्तित्व को हमेशा सुरक्षित रखा अब वह समय आ गया है जब भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण के पश्चात श्रृंगवेरपुर धाम का और भी अधिक तीर्थ के रूप में विकास होगा यही नहीं श्री महाराज जी ने यह भी कहा कि हमारा सनातन धर्म सभी धर्म में सर्वोपरि है और सभी में प्रेम बांटने का कार्य करता है भगवान श्री राम ने अपने युवावस्था में जन-जन में प्रेम बांटते हुए प्रेम में ही शबरी के झूठे बेर खाए और मानव सहित संपूर्ण जगत वसंत महात्माओं ऋषियों मुनियों तथा यज्ञ के रक्षा के लिए आवश्यकता पड़ी तो शक्ति प्रदर्शन भी किया यह इससे प्रत्येक मानव को सीखना चाहिए श्री शंकराचार्य जी ने रामायण मेला के आयोजकों की प्रशंसा भी की और उन्होंने कहा की राष्ट्रीय रामायण मेला का और भी विस्तार किया जाना चाहिए यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय रामायण मेला के महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी ने बताया की राष्ट्रीय रामायण मेला प्रारंभ होने से कुछ ही समय पूर्व श्री महाराज जी का आगमन श्रृंगवेरपुर धाम क्षेत्र वासियों के लिए अत्यंत सुखद है शंकराचार्य श्री स्वामी जी ने स्थानीय निषाद परिवारों का अंग वस्त्रम से सम्मानित भी किया इस मौके पर जो प्रमुख लोग उपस्थित रहे उनमें राष्ट्रीय रामायण मेला के अध्यक्ष डॉ बालकृष्ण पांडे उपाध्यक्ष सिया राम सरोज समाज शेखर प्राण कृष्ण चंद्र पांडे राम जीत उपाध्याय पवन शुक्ला डॉ रमापति त्रिपाठी बसंत लाल उपाध्याय रामचंद्र यादव फौजी कार्तिकेय अग्रवाल आशीष केसरवानी तीर्थ पुरोहित अचार कृष्ण कुमार त्रिपाठी संजय कुमार त्रिपाठी आदि गंगा आरती की संपूर्ण प्रबंधन व्यवस्था मेला के संयुक्त मंत्री अमित द्विवेदी ने किया तथा सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध पुलिस चौकी प्रभारी आरके शर्मा के द्वारा किया गया।

## शैक्षणिक भ्रमण कर छात्रों ने जानी दार्शनिक स्थलों की महत्ता : अमित

**करछना।** शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के मानसिक विकास में आज काफी सहायक सिद्ध हो रहा है।प्राइवेट विद्यालयों के साथ-साथ सरकारी विद्यालयों में भी शैक्षणिक भ्रमण को काफी तरजीह दी जाने लगी है। शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में घूमने के साथ साथ ज्ञानार्जन भी बढ़ रहा है।रविवार को श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कालेज पटेल नगर अकोढ़ा के बच्चों को विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार के नेतृत्व में सोनभद्र जिले के रिहन्द बांध,रेणुकेश्वर महादेव मंदिर,डाला में स्थित वैष्णो माता मंदिर,फॉसिल्स पार्क सलखन, इको पॉइन्ट,काली मंदिर चोपन एवं मिजार्पुर के विंधम फाल आदि जगहों का दो दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण कराया गया।यहां पार्क की सफाई को देख कर छात्रों को जीवन में स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार ने कहा कि छात्र छात्राओं का ज्ञान बढ़ाने के लिए शैक्षणिक भ्रमण काफी कारगर साबित हो रहा है।इस दौरान विद्यालय के शिक्षक राजेन्द्र पाण्डेय,रामसुंदर,वीणा उपाध्याय, निधि पाण्डेय,आशीष शुक्ला, दीपक सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहें।

# इंदिरा गांधी ने इतिहास ही नहीं भूगोल बदल था : अरशद अली

**प्रयागराज।** रविवार को अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अरशद अली के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इन्दिरा गांधी जी की जन्यति पर सर्किट हाउस चौराहा पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और और करेली स्थित कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में पीसीसी सदस्य फुजेल हाशमी द्वारा उन महिलाओं को सामाजिक उत्थान के प्रयास एवं योगदान के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।इस मौके पर अल्पसंख्यक विभाग के शहर अध्यक्ष अरशद अली ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इन्दिरा गांधी जी ने बैंको के राष्ट्रीयकरण, प्रिवीपर्स व परमाणु परीक्षण जैसे अपने कड़े फैसलों और दृढ़ प्रतिज्ञ इरादों के साथ भारत को विश्वशक्ति बनाने वाली विपक्षियों की भी माँ दुर्गा - अवतार ने



तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन व हेनरी किसिंजर जैसे विदेश मंत्री को भी पाक सहित कई मसलों पर अपनी कूटनीति से अचंभित कर देने वाली व विचारों एवं कर्मों से शक्ति का एहसास कराने वाली, भारत को सच्चे मायनों में आत्मनिर्भर बनाने वाली, पूरी दुनिया में भारत का डंका बजाने वाली, लगभग 93,000 युद्ध बंदियों के साथ वास्तव में पाकिस्तान को जीतकर नया इतिहास रचने व वैश्विक भूगोल बदलने का अदम्य साहस और असीम क्षमता रखने वाली बेहद विनम्र एवं दूरदर्शी थी ,इस मौके पर शहर अध्यक्ष अरशद अली, पीसीसी सदस्य फुजैल हाशमी, शहर उपाध्यक्ष परवेज सिद्दीकी, नाज खान, शाहीन बेगम,तालिब अहमद, महफूज अहमद, जाहिद नेता, मुख्तार अहमद, गुलाम वारिस, आदि मौजूद रहे।

# बहुप्रतिक्षित रस्तीपुर-हसनपुर मार्ग पर कार्य प्रारंभ




**जंघई।** जंघई-बरना संपर्क मार्ग से जुड़ने वाला रास्ता जो कि रस्तीपुर गांव से हसनपुर होते हुए नीभापुर जौनपुर जिले मे मिलती है उस मार्ग पर करीब 18 वर्ष पहले जिला पंचायत प्रयागराज द्वारा पेंटिंग का कार्य प्रस्तावित था परंतु सड़क पर गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया था गड्ढे में लोग गिरकर फिसलकर चुटहिल हो रहे थे बार बार ग्रामीणों ने सड़क को बनाने की मांग प्रशासन से किया लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।ग्रामीणों ने सड़क की समस्या को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज कुंवर वीके सिंह को बताया जिसका संज्ञान लेते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने रस्तीपुर से हसनपुर गांव में विशाल राजपूत के घर तक 1200 मीटर सड़क बनवाने हेतु स्वीकृत किया है सड़क पर मिट्टी का कार्य शुरू हो गया है।वहीं बरियाराम सरायममरेज मार्ग से प्राथमिक विद्यालय हसनपुर ठाकुर बस्ती में मनोज सिंह के घर तक 700 मीटर सड़क मरम्मत कार्य जिला पंचायत सदस्य बृजकुमारी पांडेय के प्रस्ताव पर स्वीकृति होने पर गांव के शिवसागर सिंह पूर्व प्रधान प्रतिनिधि, विशाल सिंह, मनोज सिंह, बबोले सिंह, अजय सिंह, रोशन सिंह, घनश्याम श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, रंगबहादुर मौर्य, राहुल गौतम आदि ने जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह एवं जिला पंचायत सदस्य बृजकुमारी पांडेय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## प्रयाग इंस्टीट्यूट बेंदौ में दो दिवसीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी शिविर आज से

**करछना।** तहसील क्षेत्र करछना प्रयागराज के बेंदौ में प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में सोमवार एवं मंगलवार को दो दिवसीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी जागरुकता शिविर 20-21 नवंबर 2023 को राष्ट्रीय विज्ञान और तकनीक विभाग भारत सरकार के तत्वावधान में प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट बेन्दौ प्रयागराज में आयोजित किया जाएगा। आज का विज्ञान कल की तकनीक नामक थीम पर आधारित इस शिविर में विभिन्न इंटर कालेज के छात्र एवं छात्राएं प्रतिभाग करेंगे और इनके बीच मेण्टर के तौर पर विभिन्न विश्वविद्यालय एवं तकनीकी संस्थाओं के प्रोफेसर एसोसिएट प्रोफेसर शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के सचिव विकास सिंह ने दी।

# शिक्षार्थियों की क्षमता का विकास करना विश्व विद्यालय का उद्देश्य : प्रो. सीमा सिंह

अखंड भारत संदेश



**फाफामऊ।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर कार्य करेंगे। दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य परस्पर समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए गए । इस अवसर पर दोनों विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह एवं जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय ने शिक्षा के क्षेत्र में एक दूसरे को सहयोग देने के लिए परस्पर सहमति पत्र एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों को विशिष्ट शिक्षा के क्षेत्र में जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय की विशिष्टताओं का लाभ मिलेगा। जो उनके कैरियर संवर्धन में काफी लाभदायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षार्थियों की क्षमता का विकास करना विश्वविद्यालय का उद्देश्य है। उन्होंने कुलपति प्रोफेसर पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निरंतर मार्गदर्शन में मुक्त विश्वविद्यालय औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ ही महत्वपूर्ण शैक्षिक संस्थानों के साथ एमओयू साइन करके उनकी विशेषताओं से शिक्षार्थियों को लाभान्वित करने की दिशा में निरन्तर प्रयासरत है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए जगतगुरु राम भद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट के साथ एमओयू प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस अवसर पर प्रारंभ में सेवायोजन एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री डी पी सिंह ने मुक्त विश्वविद्यालय के कौशल विकास केंद्र द्वारा संचालित कार्यक्रमों के बारे में जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय को अवगत कराया। कुलपति के विशेष कार्याधिकारी डॉ दिनेश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश होने से पूरे प्रदेश के छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा सुलभ कराने के लिए विश्वविद्यालय निरंतर प्रयासरत है।

## न्यूज झरोखा

### अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन द्वारा तहसील स्तरीय समाधान दिवस आयोजित



**मेजा।** रविवार को ब्लॉक मेजा के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित तहसील स्तरीय समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से कुल 26 शिकायतें आई,जिसमें एसीपी विमल किशोर मिश्र द्वारा 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया।शेष राजस्व से संबंधित शिकायतों को एसडीएम कार्यालय भेज दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएस तोमर रहे।विशिष्ट अतिथि प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.बब्लू सोनकर रहे।संचालन सचिव कन्हैयालाल ने किया। नए पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।इस मौके पर प्रदेश प्रभारी उदय सिंह, संरक्षक प्रयागराज जटाशंकर शुक्ल, जिला अध्यक्ष प्रयागराज कमलाकर सिंह,तहसील अध्यक्ष केके त्रिपाठी,सुलह समझौता अधिकारी एपी सिंह,दरोगा संत प्रसाद त्रिपाठी,विजय सिंह और मानवेंद्र तिवारी सहित भरी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

### पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**झूंसी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में पुलिस उपायुक्त नगर व सहायक पुलिस आयुक्त झुंसी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 जितेन्द्र कुमार राजपूत मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर वारण्टी अभियुक्त शिवशंकर पुत्र लालचन्द्र यादव निवासी ग्राम फिरोजपुर थाना झुंसी, प्रयागराज को अभि0 के घर के पास ग्राम फिरोजपुर से आज गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-उ0नि0 जितेन्द्र कुमार राजपूत, चौकी प्रभारी रहिमापुर उ0नि0 अभय कुमार यादव हे0का0 ज्यूतबंधन सिंह रहे।

### इन्दिरा गाँधी का जन्म दिवस शक्ति दिवस के रूप में मनाया गया : डॉ दिनेश



**करछना।** भारत की प्रथम महिला प्रधान मंत्री श्री मती इन्दिरा गाँधी की 106 वीं जयंती श्री मती इन्दिरा गान्धी विद्यालय जगौती में मनाई गई सर्व प्रथम माल्यार्पण डॉ शीतला प्रसाद पाण्डेय ने किया डां शीतला प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि इन्दिरा गाँधी भारत निर्भीक निडर व साहसी महिला थी विद्यालय के प्रबन्धक डॉ दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि इन्दिरा गांधी ने अपने शासन काल में देश को काफी विकसित किया अपने शासन काल 1974 की लड़ाई में उन्होंने पाकिस्तान को परास्त करते हुए पाकिस्तान को दो धड़ो में बांट कर भष्ट पाकिस्तान का इतिहास ही नहीं भूगोल भी बदल दिया इन्दिरा गाँधी के मुख्य स्लोगन दूर दृष्टि पक्का इरादा कड़ी मेहनत का सब को अमल करना चाहिए बैठक का संचालन पं अरूण कुमार मिश्र प्रधानाचार्य ने किया इस अवसर पर अपना वकतव्य देने वालों में राम मणि द्विवेदी नीरज नेता जूली सिंह बृजेश पटेल पवनेश कुमार सोनी आदि रहे।

# सत सत नमन कर मनाई गई इंदिरा गांधी की जयंती



**सहसों।** भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर में भारत गणराज्य की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी प्रियदर्शिनी की जयंती अधिवक्ता देवराज उपाध्याय की अध्यक्षता में उनके छाया चित्र पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन करते हुए मनाई गई। उन्होंने कहा इंदिरा जी बचपन से ही स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में सक्रिय रहीं। उन्होंने 1930 में बच्चों के सहयोग से वानर सेवा का गठन किया था तथा निरंतर आजादी के आंदोलन तक निर्णायक भूमिका निभाने में अपना अमूल योगदान दिया। वह 1959 से 1960 तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं। 1964 से 1977 तक भारत की प्रधानमंत्री रहीं। उन्हें प्रथम महिला प्रधानमंत्री होने का गौरव प्राप्त हुआ। 1972 में उन्हें भारत रत्न पुरस्कार मिला और भारत के प्रधानमंत्री रहते हुए विभिन्न क्षेत्र में देश के लिए अपना अमूल योगदान प्रदान किया। देश के कई सर्वश्रेष्ठ सम्मानित विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि से उन्हें नवाजा गया। इंदिरा गांधी को लोग आयरन लेडी के नाम से भी जानते हैं। 31 अक्टूबर 1984 को उनकी निर्मम हत्या कर दी गई। देश उनके द्वारा किए गए कार्य और उनके योगदान को कभी भुला नहीं सकता। उनके विचार आज भी प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर दिलीप कुमार दुबे, सुभाष चंद्र विश्वकर्मा, सलीम टाइगर, विनय उपाध्याय, हुब लाल भारतीय, गोविंद सिंह सहित आदि लोग नमन करते हुए प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## शंकरगढ़ की पुलिस अपराधियो के खिलाफ अभियान चलाकर अलग अलग आरोप से जुड़े आरोपियो को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** शंकरगढ़ पुलिस ने अपराधियो के खिलाफ आज बड़ी कार्यवाही की है उसने अलग अलग आरोप मुकदमे के आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित सवैधानिक कार्यवाही किये।उक्त कार्यवाही-पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में डीसीपी यमुनानगर अभिनव त्यागी व एसीपी बारा संतोष कुमार सिंह के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व रविवार को विवेक कुमार राय ने वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से फर्जी अभियोग में फसाने की धमकी देकर वसूले के आरोपी को गिरफ्तार किये उक्त घटना थाना शंकरगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 289/2023 धारा 388,34 भा0द0वि0 में वांछित अभियुक्त ज्ञानेंद्र कुमार पुत्र भुल्लन हरिजन निवासी गदामार थाना शंकरगढ़ प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर गदामार गेट के पास थाना क्षेत्र शंकरगढ़ से वे पकड़ने में सफल हुए वही उसके कब्जे से फर्जी अभियोग में फसाने की धमकी देकर वसूले गये 06 लाख रुपये नकद बरामद करते हुए आगे की विधीक कार्यवाही किये।इसीक्रम दरोगा लोकेंद्र सिंह ने थाना शंकरगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 286/2023 धारा 363,376 भा0द0वि0 व 5(ठ)/6 पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त आकाश कोल पुत्र रमेश कुमार कोल नि0 टण्डन वन थाना शंकरगढ प्रयागराज को आज मुखबिर की सूचना पर बिहरिया तिराहा थाना क्षेत्र शंकरगढ़ से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की।



## श्रीराम के आदर्श से ही मनुष्य का कल्याण

**प्रतापपुर।** श्री रामचरितमानस सम्मेलन अन्नपूर्णा स्मारक समाज कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में 34 वां विज्ञान दिवस कटेहरी में संपन्न हुआ। समापन दिवस की पावन बेला में प्रथम वक्ता मंगलदास जी महाराज ने कहा कि बड़भागी हनुमान के समान श्रीराम जी के चरणों का कोई अनुरागी पत्र नहीं हुआ। दूसरे क्रम में संगीतमय श्री राम कथा की महिला वक्ता सुमन यादव रामायणी ने जटायु प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि महाराज दशरथ का अंतिम संस्कार करने का अवसर राम जी को नहीं प्राप्त हुआ किंतु पक्षी राज्य जटायु का अंतिम संस्कार राम जी ने अपने हाथों से किया।अंतिम वक्ता जगतगुरु लक्ष्मण आचार्य जी ने राम राज्य की व्याख्या करते हुए कहा कि केवल रामचरितमानस ही राम राज्य को साकार कर सकता है।वर्तमान घोर कलयुग में राम का आदर्श ही सभी का कल्याण कर सकता है। संसार के सभी जीवों के साथ मनुष्य भी अपने सुखी में जीवन को प्राप्त कर सकता है।इस अवसर पर शंभूनाथ तिवारी, संजय बनकटा, प्रभुनाथ केसरवानी, मनोज पाठक, रविंद्र नाथ तिवारी, लक्ष्मीकांत दुबे, बजरंग बहादुर, चंद्रजीत यादव,पृथ्वीपाल यादव आदि लोगों ने सहित आरती पूजन में भाग लिया गया।प्रियांशु पांडेय अध्यक्ष व्यवस्था समिति ने सभी उपस्थित भक्तगणों का आभार व्यक्त किया मंच का संचालन रमामणि पांडेय द्वारा किया गया।



# इंदिरा मैराथन को खेल मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, 49 महिला समेत 394 धावक लिए हिस्सा



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** 38वीं अखिल भारतीय प्राइज मनी इंदिरा मैराथन का रविवार को आनंद भवन से आगाज हुआ। खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने आसमान में गुब्बारे छोड़कर धावकों को दौड़ने के लिए हरी झंडी दिखाई। मैराथन में इस बार कुल 394 धावक हिस्सा लिए हैं, जिसमें 345 पुरुष व 49 महिला धावक शामिल हैं। वहीं, मैराथन में इस बार बाहरी धावकों की संख्या भी बढ़ी है। धावकों ने आनंद भवन से दौड़ की शुरूआत की है और इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद हाईकोर्ट, सीएमपी डिग्री कॉलेज, नए यमुना पुल होते हुए दांदूपुर स्थित भारत पेट्रोल पंप तक जाएंगे। वहां से वापसी मार्ग होते हुए धावक मदन मोहन मालवीय स्टेडियम स्थित समापन स्थल पर पहुचें। जहां प्रथम विजेता बनने वाले धावक को दो लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया।दूसरे स्थान के धावक को एक लाख रुपये और तीसरे नंबर के धावक को 75 हजार रुपया का इनाम दिया गया। चार से 14 स्थान तक के धावकों को दस-दस हजार रुपये की सांत्वना राशि मिली। मैराथन में पहली बार सभी धावकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया है। इसके तहत उन्हें टीशर्ट और टोपी भी वितरित किया गया है। मैराथन का समापन समारोह दोपहर दो बजे किया गया, जहां मुख्य अतिथि के रूप में खेल राज्य मंत्री विजेताओं को पुरस्कृत किए। इस मौके पर खेल निदेशक आरपी सिंह समेत कई अन्य अधिकारी बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समापन समारोह में विभिन्न स्कूलों की छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश की।



**इंदिरा मैराथन : चैंपियन जसवंत बोले, पहली बार लगाई है दौड़, जीतने से बढ़ा हौसला**

फिरोजाबाद के रहने वाले जसवंत बघेल ने किसी भी तरह की मैराथन में पहली बार हिस्सा लिया है। अपनी पहली ही मैराथन में विजेता बनने वाले जसवंत ने आर्मी की तैयारी की थी। सेना में नौकरी पाने के बाद कोच रंजन ने उन्हें दौड़ने की सलाह दी, जिसपर उन्होंने अमल किया। दस किलोमीटर की दौड़ में आर्मी के लिए कई पदक जीतने वाले जसवंत से जब मैराथन की तैयारी करने कि लिए कहा गया तो वह तैयार ही नहीं हुए।इसके बाद दोस्तों ने बताया कि इस इवेंट में सफलता के अधिक मौके होते हैं तो जसवंत ने मैराथन दौड़ने का फैसला कर लिया। महज तीन महीने पहले तैयारी शुरू की और ऐसी तैयारी की कि चैंपियन बन गए। मैराथन जीतने के बाद जब उन्होंने पिता रामशंकर और रामादेवी को इसकी जानकारी दी, तो वह भी खुशियों से उछल पड़े। जसवंत ने बताया कि उन्होंने प्रयागराज के बारे में काफी सुन रखा था। पहली मैराथन इस धार्मिक शहर से जीतने का एक अलग ही अनुभव है।

**बुगाथा श्रीनू :** अपने प्रदर्शन से खुश नहीं दिखे श्रीनू, जीता एक लाख का पुरस्कारआंध्र प्रदेश के विजयनगर में स्थित गजपतिनगरम में धान के खेतों से दौड़ना शुरू करने वाले धावक बुगाथा श्रीनू अपने प्रर्दशन से संतुष्ट नहीं रहे। ओलंपिक की तैयारियों को मजूबत करने के लिए इंदिरा मैराथन में पहली बार दौड़ लगाने वाले श्रीनू ने पिछले वर्ष दिल्ली मैराथन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दो घंटे 14 मिनट और 59 सेकंड में दौड़ को पूरा किया था। इस बार भी वह दिल्ली और मुंबई मैराथन के सहारे ओलंपिक में जगह बनाने के अपने सपने को साकार करने के लिए दौड़ेंगे।इंदिरा मैराथन में वह अपनी तैयारियों को परखने के लिए आए थे, लेकिन उन्होंने यहां पर अपनी दौड़ पूरी करने में कुल दो घंटे 21 मिनट और 56 सेकेंड का समय लिया। श्रीनू का कहना है कि वह अपनी दौड़ को दो घंटे 15 मिनट में ही पूरा करना चाहते थे। किसान परिवार में जन्मे श्रीनू के पिता सत्यम ने उनका हौसला बढ़ाया है। श्रीनू फिलहाल आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (पुणे) में कोच रंजन से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। श्रीनू ने दूसरे स्थान पर रहकर एक लाख रुपये का पुरस्कार जीता है।

**अनिल कुमार :** सेना में हवलदार के पद पर नौकरी कर रहे प्रयागराज के गंगापार में स्थित सुंदनीपुर कला के रहने वाले अनिल कुमार ने चौथी बार टॉप-तीन में जगह बनाई है। वह इस बार विजेता बनने के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन फिनिशिंग लाइन से पहले जहां बढ़त बनाने के लिए जोर लगाना पड़ता है वहां पर उनके पैर में खिंचाव आ गया। इससे अनिल को एक बार फिर से तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा है। उन्होंने पहली बार 2018 की मैराथन में 2:25:39 घंटे में दौड़ पूरी की और महज छह सकेंड के अंतर से चूककर दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद वर्ष 2021 की मैराथन में अनिल ने 2:22:53 घंटे में दौड़ पूरी करके फिर से दूसरा स्थान हासिल किया। पिछले वर्ष अनिल ने 2:23:28 घंटे में दौड़ पूरी की और तीसरा स्थान कब्जाया। इस बार उन्होंने अपने समय को और सुधारकर 2:22:21 घंटे में दौड़ पूरी की लेकिन उन्हें तीसरे स्थान पर ही रहना पड़ा। अनिल ने जैसे ही विजेता धावकों के साथ स्टेडियम में प्रवेश किया वैसे ही पूरा मैदान अनिल-अनिल की आवाज से गूंज उठा। विजेता बनना चाहता था लेकिन समय सुधरा है ये ही मेरी उपलब्धि है। अगली मैराथन में जरूर विजेता बनकर लौटूंगा।

# डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाओं ने की छठी मैया की पूजा, संगम समेत सभी घाटों पर उमड़ी भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगम समेत गंगा और यमुना के घाटों पर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाओं की भारी भीड़ जुटी। दोपहर बाद से ही संगम पर व्रती महिलाएं पहुंचने लगी थीं। पूरा घाट खचाखच भरा था। यहां पर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया था। घाटों पर विधि विधान से महिलाओं ने पूजा अर्चना कर भगवान सूर्य की आराधना की। दिन पूजन सामग्री की खरीदारी की गई। इसके चलते शहर में फल और सब्जियों की दुकानों पर भारी भीड़ रही। मान्यता है कि डूबते सूर्य देव को अर्घ्य देने से जीवन में आर्थिक, सामाजिक, मानसिक, शारीरिक रूप से होने वाली हर प्रकार की समस्याएं दूर होती हैं। इसके बाद अगले दिन उगते हुए सूर्य को भी अर्घ्य दिया जाता है। उगते सूर्य को अर्घ्य देने से स्वास्थ्य बेहतर होता है। सोमवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत पूर्ण होगा। रविवार को व्रत रहने वाली महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मैया की पूजा अर्चना की। यमुना नदी के सुजावनदेव घाट पर दोपहर से ही लोगों की भारी भीड़ जुटने लगी। सूर्य अस्त से पूर्व ही यमुना नदी में घुसकर महिलाएं छठी मैया के गीत गा रही थीं। जैसे से सूर्य अस्त होने को हुए। छठी मैया के जैकारे से पूरा यमुना घाट गूंज उठा। इस अवसर पर व्रती महिलाओं के साथ उनके परिवारजन और अन्य लोग भी उपस्थित रहे। यमुना घाट पर पुलिस की भी चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी।

संगम पर छठ पूजा



# मेजा ऊर्जा निगम के सहयोग से 38 वीं अखिल भारतीय इंदिरा मैराथन का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम के सहयोग से खेल विभाग उत्तर प्रदेश तथा जिला प्रशासन द्वारा रविवार को प्रयागराज में 38वीं अखिल भारतीय इंदिरा मैराथन का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) गिरीश चंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया। उल्लेखनीय है कि 42' 195 किमी लंबी यह दौड़ आनंद भवन से प्रारंभ होकर पंडित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम पर समाप्त होगी। इस दौरान धावकों को इलेक्ट्रानिक चिप के साथ दौड़ पूरी करनी होगी। गौरतलब है कि इस वर्ष प्रतियोगिता के पुरुष एवं महिला वर्ग में लगभग एक धावक प्रतिभाग कर रहे हैं जिसमें विजेता को दो लाख उपविजेता को एक लाख तथा तृतीय स्थान पाने वाले विजेता को पचहत्तर हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। बता दे कि इस 38वीं मैराथन का शीर्षक रन फार स्वच्छता और नो प्लास्टिक है। प्रतियोगिता कार्यक्रम के दौरान मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि निगम एक स्वस्थ्य समाज के निर्माण हेतु देश के प्रधानमंत्री द्वारा संचालित अभियान फिट इंडिया मूवमेंट तथा खेलो इंडिया की सफलता हेतु हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल क्रीड़ाधिकारी श्रीमती विमला सिंह सहित प्रशासन पुलिस एवं सेना के कई वरिष्ठ अधिकारी गण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**प्रधानमंत्री की खेलो इंडिया अभियान की सफलता हेतु सहयोग के लिए निगम प्रतिबद्ध : सुनील कुमार**





# अरैल तट पर छठ पूजा का दिव्य-भाव, उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य छठ पूजन पर्व पर रविवार शाम अरैल घाट पर व्रती महिलाओं ने डूबते सूरज को पहला अर्घ्य दिया। बिहार से नैनी में परिवार के साथ अपने निवास पर आइ जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार संध्या देवी व समाजसेवी सुधीर शर्मा ने अरैल घाट पर पूजा अर्चना किया डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य और सारे देश व बिहार वासियों को दी छठ पूजा की बधाई। छठ मैया पूर्वांचल समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में छठ मैया की बहुत ही जोरदार रूप से लाइटों के साथ सभी भक्तों का स्वागत, अभिनंदन किया गया छठ मैया का सूर्यास्त होते समय भक्तों के द्वारा अर्घ्य देकर उनको नमन करके पूजा अर्चना करके मां की कृपा प्राप्त करने के लिए संगम तट नैनी अरैल में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिली इस अवसर पर पूर्वांचल महासभा समिति नैनी अरुण यादव, संरक्षक दयानंद पांडे, पप्पू सिंह, धनेश सिंह, विजय सिंह, पवन यादव दिलीप यादव, अनिल दीक्षित, राजेंद्र बाबा,अरुण तिवारी, शिवाजी, मनोज सिंह, हरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, बृजेश यादव व्यास, सरदार पतविंदर सिंह, सेवा भारती के अध्यक्ष सुजीत सिंह, समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार, राजेश साहू, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव पुलिस प्रशासन एवं नैनी थाना इंस्पेक्टर चौकी प्रभारी परमानंद सिंह का विशेष सहयोग एवं नगर निगम कर्मचारियों का विद्युत विभाग कर्मचारी का सभी का सहयोग इस पूजा छठ में सहयोग मिला इसके लिए पूर्वांचल महासमिति के अध्यक्ष अरुण यादव ने सभी का धन्यवाद व्यापित किया।





# इफको जलाशय पर जुटीं व्रती महिलाएं दिया अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य

**प्रयागराज।** छठ महापर्व पर इफको फूलपुर कालोनी स्थित जलाशय पर जुटीं व्रती महिलाओं ने अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में इफको कालोनी की व्रती महिलाएं, पुरूष और बच्चों की भीड़ रही।नहाय खाय से शुरू होने वाली डाला छठ शुक्रवार से शुरू हुआ। इफको फूलपुर की घियानगर कालोनी में भी इस पर्व का बड़ा महत्व है। प्रत्येक वर्ष की तरह यहां व्रती महिलाओं ने रविवार को ढलते सूर्य को अर्घ्य देकर आशीष मांगा। सोमवार को प्रातः व्रती महिलाएं उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पारण करेंगी। यहां व्रत रखने वाली महिलाओं के मुताबिक नहाय खाय के दिन व्रत रखने वाली महिलाएं नदी या तालाब में स्नान करती हैं तथा नई फसल के चालव का भात, चना दाल और खासकर लौकी का प्रसाद बनाकर ग्रहण करती हैं।

## अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचीं नीलम करवरिया



**मेजा।** क्षेत्र के गंगा और यमुना के घाटों पर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाओं की भारी भीड़ जुटी। दोपहर बाद से ही घाटों पर व्रती महिलाएं पहुंचने लगी थीं। पूरा घाट खचाखच भरा था। घाटों पर विधि विधान से महिलाओं ने पूजा अर्चना कर भगवान सूर्य की आराधना की। इसी क्रम में मेजा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने रविवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैया की पूजा अर्चना किया।श्रीमती नीलम करवरिया ने नैनी के अरैल घाट पर यमुना नदी के तट पर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैया की पूजा अर्चना किया। पूजा के दौरान सैकड़ों महिलाएं पूजा अर्चना में जुटी रही।

# झूंसी घाट : व्रतियों ने अस्थलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य



**झूंसी।** लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन रविवार को झूंसी के घाटों पर भी व्रती महिलाओ ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। पार्षद शिवनारायण यादव घुंनु ने बताया कि नगर निगम की ओर से घाटो व्यापक व्यवस्था की गई है। लाइट के साथ चेंजिंग रूम व मोबाइल टाइलेट लगाए गए है। रविवार की शाम छठी महिलाएं परिवार के साथ छठ मैया के गीत गाते हुए झूंसी के छतनाग घाट व सोहम आश्रम घाट पर अपनी अपनी बेदी पर पहुची और भास्कर की पूजा अर्चना में जुट गई। घाटो पर श्रद्धालुओ की भारी भीड़ थी। छतनाग घाट पर पार्षद की ओर से संस्कृतक सन्ध्या का भी आयोजन किया गया था। लोग आतिशबाजी भी कर रहे थे। युवतियां व्रतियों के साथ सेल्फी ले रही थी। व्रतियों ने अस्तलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ उपासना कर रही प्रीति सिंह ने बताया कि 36 घंटो का निर्जला उपवास सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण के साथ पूरा होगा। घाटो पर नगर निगम कर्मी साफ सफाई में लगे हुए थे। झूंसी थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह फोर्स के साथ घाटो पर पैदल गस्त करते नजर आए।

**छतनाग घाट : छठी मैया के व्रत के उपरांत महिलाओं ने बड़ी श्रद्धा पूर्ण सूर्य भगवान का अर्द्ध कर पूजन किया**

**झूंसी।** छतनाग घाट पर छठी मैया के व्रत के उपरांत महिलाओं ने श्रद्धा पूर्ण सूर्य भगवान का अर्द्ध देकर गंगा नदी के जल में श्रद्धा पूर्ण पूजन किया अपने पारिवारिक जन के साथ आए ब्रती महिलाएं टोकरी में फल फूल सामग्रियां साथ लेकर आए बड़ी श्रद्धा पूर्ण सूर्य भगवान को पूजन करने के बाद अपने गंतव्य की ओर लौटते नजर आए छतनाग घाट पर हर वर्ष की तरह काफी भीड़ होने के कारण थाना अध्यक्ष प्रताप सिंह फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे बिजली विभाग और नगर निगम सफाई कर्मी वा हेल्थ संबंधित एंबुलेंस डॉक्टरों की टीम की तैनाती की गई थी किसी भी भक्तों को कोई समस्याएं ना हो इसके लिए कई टीम निगरानी भी कर रही थी छतनाग वार्ड 45 से पार्षद शिवनारायण यादव घुन्नू की तरफ से भक्तो के लिए संगीत भक्ति गीत छठी मैया कि व अन्य संसाधनों की व्यवस्था की गई थी मौके पर हालात का जायजा खुद शिवनारायण यादव घुनू पार्षद की देखरेख में हो रहा था नगर निगम जोन 8 जोनल अखिलेश त्रिपाठी टीम तरफ से घाट पर साफ सफाई व्यवस्थाएं वा लाइट की व्यवस्थाएं बहुत ही सुचारू रूप से की गई थी।



# रुद्रा संगम अपार्टमेंट में स्विमिंग पूल में उतरकर अस्ताचल सूर्य को दिया अर्घ्य

**हनुमानगंज।** छठ पूजा के दौरान अंदावा स्थित रुद्रा संगम अपार्टमेंट में लघुभारत का स्वरुप दिख रहा है । देश के विभिन्न क्षेत्रों के यहां रह रहे अंतःवासी कैंपस में बने स्विमिंग पूल में उतरकर अस्ताचल सूर्य अर्घ्य दे छठ पूजा को बड़े धूम-धाम से मना रहे हैं। रविवार की सुबह व्रती महिलाएं अपने आवास के सामने कैंपस में मिट्टी के चूल्हे पर देशी घी से ठेकुआ प्रसाद तैयार किया। शाम के समय पूजन सामग्री भरी द?ऊरी और सूप सिर पर रखकर दर्जनों महिलाएं और पुरुष छठ मैया की गीत छठी मैय्या होइए सहाय, तितली बयरिया शीतल बा पनिया, केलवा के पात पर उगेला सूरज देव आदि गाते हुए परिसर में स्थित स्विमिंग पूल पर बने घाट पर पहुंचे। यहां पहले से तैयार बेदी पर पूजन सामग्री रख स्विमिंग पूल में महिलाएं उतर गई। घुटने भर पानी में खड़ी होकर महिलाएं सुर्यास्त का इंतजार करती रही। वे अस्तांचलगामी सूर्य को देखते ही वे बारी-बारी से अर्घ्य दिया। सोमवार को उगते सूरज को अर्घ्य दे छठी मैया से मंगल कामना करेंगी। छठ पूजा में चंचल सिंह पूर्णिमा दुबे, रेखा सिंह, विंध्या शुक्ला, गीता सिंह, आशा सिंह, मीरा यादव, सुनीता सिंह, अंजू श्रीवास्तव, संध्या सिंह, रूबी पांडेय, सरोज मिश्रा आदि दर्जनों महिलाएं छठी मैया की पूजा में जुटी रही।



## मेला देखने गए युवक की बाइक चोरी अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मेला देखने बाइक से गए युवक की बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम रेवारी छाता निवासी जयसिंह पुत्र अमृत लाल का कहना है कि वह गांव में लगे मेले को देखने के लिए बाइक से गया था। बाइक खडी करके मेला देख कर जैसे वापस लौटा तो बाइक नदारद थी।जय सिंह ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे मोहम्मद जुनैद के स्थान पर जुनैद अहमद पुत्र मुजीब अहमद एवं मेरी बेटी माइरा फात्मा के स्थान पर मायरा फात्मा निवासी मलाका रजाकपुर, भदरी कुंडा प्रतापगढ़ के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

# हजारों व्रती महिलाओं ने ढलते सूर्य को दिया अर्घ्य

### सूप व डलिया में पूजा सामग्री लेकर किया पूजन अर्चन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के बेल्हा देवी मंदिर परिसर में हजारों व्रती महिलाओं ने ढलते सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। शाम होते ही निर्जला व्रती महिलाएं अपनी-अपनी बेदी पर पूजा अर्चना कर ढलते सूर्य को अर्घ्य दिया और पूजा का जल लेकर वापस लौटीं।

बता दें कि सोमवार की प्रातः उगते सूर्य को यही महिलाएं अर्घ्य देकर 36 घंटे का निराजली व्रत समाप्त करेंगी। सूप और डलिया में पूजा सामग्री के अलावा ढोकवा व अन्य खाने के प्रसाद सजाकर सूर्य की उपासना में गीत गाते हुए महिलाओं ने ढलते सूर्य को अर्घ्य दिया और ढोकवा व प्रसाद लोगों को वितरित किया। महिलाओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिये महिला पुलिस भी लगी थी। छठ पूजा में सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के साथ प्रार्थना वंदन किया गया। इस पूजा अर्चना में दिनोंदिन संख्या बढ़ती जा रही है। पहले बिहार व प्रदेश में उससे सटे जिलों के लोग ही इस पूजा अर्चना में भाग लेते थे लेकिन अब बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी इस पूजा अर्चना में भाग ले रहे हैं। पूजा में महिलाओं ने केले के पत्ते से अपनी बेदी सजाई थी।



बेल्हा देवी घाट पर सूर्य को अर्घ्य देती महिलाएं

### पूजा के दौरान भी नगर पालिका नदी से निकालती रही मूर्तियां

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका छठ पूजा को लेकर तीन दिनों से सफाई में लगी हुई थी। यहां तक कि आज पूजा के दौरान नदी में बहने वाली छोटी-छोटी मूर्तियों को बिन-बिनकर सफाई कर्मियों ने निकाला। छठ पूजा के दौरान भी सफाई कर्मी मौजूद रहे। सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि महिलाओं व नागरिकों से सफाई बनाये रखने की अपील की गई है। इस सम्बन्ध में बेल्हा देवी मार्ग पर नगर पालिका ने सफाई के लिये होर्डिंग लगाई थी।

# जल जीवन मिशन के परियोजनाओं का कार्य गुणवत्तापूर्ण होः डीएम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कैम्प कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्मो द्वारा फेज-2 एवं फेज-3 में कराये जा रहे कार्यो के प्रगति की समीक्षा की गयी।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने बताया है कि आनगोइंग योजनायें की संख्या 55 थी जिसमें से 15 पूर्ण कर लिये गये है जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि अवशेष योजनाओं का कार्य दिसम्बर 2023 तक पूर्ण कर लिया जाये। रेट्रोफिडिंग की योजनायें 57 है जिसमें से 40 पूर्ण कर ली गयी है 06 प्रतिशत कार्य बचा हुआ है जो दिसम्बर 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज-2

### जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

एवं फेज-3 में विवादित भूमि/अनुपलब्धता की समीक्षा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। हर घर नल योजना के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने फर्मो को निर्देशित करते हुये कहा कि कार्य को सही ढंग से किया जाये, इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत न आये और हर घर को जल मिले, कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। ग्राम प्रधानों के साथ हर घर नल योजना के सम्बन्ध में जो बैठक की जाये उसमें 75 प्रतिशत ग्रामीणों को सम्मिलित किया जाये जिससे योजना के बारे में उन्हें जानकारी मिल सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पेयजल योजना के सम्बन्ध में सड़कों के किनारें जो खुदाई की जाये उसकी सूचना लोक निर्माण विभाग को अवश्य दी जाये और अनावश्यक सड़क की खुदाई न करें, यदि सड़क के किनारे खुदाई की जाये तो पहले की तरह खुदाई के गड्ढे पूर्ण रूप से सही किया जाये। सभी परियोजनाओं में बोर्ड लगवाये जाये तथा सभी ग्राम प्रधान के पास प्रोजेक्ट की कापी उपलब्ध करायें जिससे उन्हें भी जानकारी मिल सके। फर्मो द्वारा यदि काफी समय से कार्य नही किया जाता है तो उन्हें ब्लैक लिस्टेड करते हुये पत्रावली प्रस्तुत की जाये। परियोजनाओं के कार्यो का भुगतान समय से किया जाये। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जल जीवन मिशन से सम्बन्धित जो भी परियोजनायें है उन्हें ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, अधिशासी अभियन्ता जल निगम अजय कुमार उपाध्याय व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# देश के विकास के लिये इंदिरा ने किया था कामः डा0 लालजी

## इंदिरा भवन पर कांग्रेसियों ने मनाई इंदिरा गांधी की जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाई गई जिसका संचालन कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी ने किया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने कहा कि इंदिरा गांधी में गजब की राजनीतिक दूरदर्शिता थी। देश की एकता और देश के विकास के लिए इंदिरा काम करती थीं। देश-विदेश में इंदिरा को एक मजबूत प्रधानमंत्री के रूप में जाना जाता था। डॉक्टर प्रशांत देव शुक्ला ने कहा कि इंदिरा का कहना था सबको मिलकर भारत में गरीबी हटाने के लिए काम करना चाहिए जिससे गरीब लोगों को सपना हकीकत बन सके। नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा इंदिरा गांधी बैंकों के राष्ट्रीयकरण करने और बांग्लादेश बना देने से मजबूत प्रधानमंत्री के रूप में देखी जाती थी। सेवा दल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने कहा कि इंदिरा गांधी राजनीतिक उतार चढ़ाव को बखूबी समझती थीं। देश की मजबूती व विकास के लिए साहसिक फैसला लेती थीं। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, सेवादल उपाध्यक्ष रामरतन तिवारी, उमेश तिवारी, मोहम्मद इश्तियाक, आशुतोष तिवारी, बिलाल अहमद, अवध राज यादव, विश्वास सिंह, रामधन यादव, सुरेश मिश्रा उपस्थित रहे।



इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी

# अपर जिला जज ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

### बंदीजन को विधिक जानकारी देकर किया गया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने जिला कारागार का निरीक्षण किया एवं बंदीजन को विधिक जानकारी देते हुए जागरूक किया।

बता दें कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा दिवस के अवसर पर गत 9 नवम्बर को कारागार में निरुद्ध बंदी पी एल वी अजय कुमार मिश्र को उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए प्रदेश में प्रथम पुरस्कार हेतु चयनित किया गया था और उन्हें उनकी अनुपस्थिति में शील्ड और प्रमाण पत्र अधिकृत जेल अधिकारी के माध्यम से 9 नवंबर को लखनऊ में दिया गया था जिसे आज कारागार निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज सचिव नीरज कुमार बरनवाल ने उक्त शील्ड और प्रमाण पत्र उक्त बंदी पी एल वी अजय कुमार मिश्र को प्रदान किया और उन्हें शुभ कामनाएं देते हुए बधाई दिया।

सचिव ने बधाई देते हुए कहा कि अन्य बंदियों को अजय कुमार मिश्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक रमाकांत ने बताया कि जिला कारागार में आज कुल 1157 बंदी निरुद्ध है जिसमें 1063 पुरुष, 47 महिला तथा 47 किशोर बन्दी शामिल हैं ।विचाराधीन महिला बंदियों के साथ 06 बच्चे रह रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कारागार में कौशल विकास मिशन केन्द्र, पुस्तकालय, महिला बैरिक, बाल चक्र, पाक शाला, लीगल एड क्लीनिक, वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम सहित जेल परिसर की साफ सफाई , बन्दियों से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जेल विजिटर विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट ने बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता व प्ली बार्गेनिन्ग के बारे में जागरूक किया। जेल विजिटर ने बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास मुकदमे की पैरवी हेतु निजी अधिवक्ता न हों तो ऐसे लोग प्रार्थना पत्र के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता की माँग कर सकते हैं, उन्हें इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा।

इस मौके पर उप जेलर आफताब अंसारी ने बताया कि जिस बन्दी द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता की मांग लिखित या मौखिक की जाती है उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की सुविधा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से दिलाई जाती है। उन्होंने बताया कि महिला बैरक में महिला बन्दी के साथ जो बच्चे हैं, उनके स्वास्थ्य व कपड़े आदि की पूरी व्यवस्था की जाती हैं। निरीक्षण के पूर्व बन्दीगण को सुबह का खाना दिया जा चुका था शाम के लिए भोजन बन रहा था। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत रीता बनर्जी द्वारा बंदियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। सचिव ने जेल अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन बंदियों के पास मुकदमें की पैरवी हेतु निजी अधिवक्ता नहीं हैं उनको चिन्हित करके उनके नाम पता पूर्ण विवरण सहित प्राधिकरण कार्यालय को लिखित में अवगत कराएं, जिससे ऐसे बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर चीफ लीगल डिफेन्स काउंसिल महावीर यादव, डिप्टी चीफ एल डी सी एस अभय प्रताप सिंह, उप जेलर आफताब अंसारी एवं उप जेलर शारदा देवी उपस्थित रहे।



बंदी पीएलवी को शील्ड व प्रमाण पत्र देते अधिकारी।

# श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से मिलती है मोक्ष की प्राप्तिः शान्तनु

### भागवत कथा के शुभारंभ पर विश्वनाथगंज बाजार में निकली कलश यात्रा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भव्य एवं पारंपरिक वेश में रविवार को शेखनपुर विश्वनाथगंज बाजार में गाजे-बाजे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का भव्य यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। अजय सिंह गुड्डन पूर्व ब्लाक प्रमुख मांधाता के निज निवास स्थल से पवित्र जलस्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे।

महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश रखकर श्रीमद् भागवत गीता के साथ कलशयात्रा विश्वनाथगंज के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करने के बाद कथास्थल पर पहुंची। 19 नवंबर से 27 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक कथा का आयोजन होगा और 25 नवंबर को हवन एवं पूणार्हुति के साथ 27 नवंबर को महाप्रसाद (भंडारा) के बाद समापन होगा। श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान निर्मला सिंह एवं राजेंद्र बहादुर सिंह (लल्लन वैश) है। कथा व्यास आचार्य श्री शान्तनु महाराज ने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी जाती है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है।

इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है,तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है, इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो,तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी उसे सातो दिनों तक का फल प्राप्त होता है,क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है,जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध के प्रसंग का उल्लेख होने के साथ ही साथ व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। कलश यात्रा में एन आर एस परिवार के अरुण सिंह राजू (कार्यकारिणी सदस्य) जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन प्रतापगढ़ व विजय सिंह सोनू और भाजपा नेता कुंदन सिंह आदि सैकड़ों ग्रामवासी व क्षेत्रवासी कलश यात्रा में सम्मिलित हुए और वहीं देल्हूपुर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही।



विश्वनाथगंज बाजार में निकली कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुगण।

## पट्टी के ऐतिहासिक दशहरे मेले का हुआ भव्य शुभारंभ

### पूर्व मंत्री मोती सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रविवार को पट्टी के ऐतिहासिक दशहरे मेले का भव्य शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने फीता काटकर किया। उनके साथ प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल सहित मेला के सभी पदाधिकारी तथा नगरवासी मौजूद रहे।

पट्टी नगर में लगने वाला ऐतिहासिक दशहरा मेला का यह 113वां साल है। यह हिंदू मुस्लिम एकता सामाजिक समरसता आपसी भाईचारे का संदेश भी देता है। सन 1910 में तत्कालीन तैनात दरोगा सेवाराम ने इसकी शुरूआत किया था यह वह समय था जब ब्रिटिश हुकूमत मनमाना रवैया अपना कर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परेशान कर रहे थे। उत्तर प्रदेश तथा अन्य प्रदेशो के व्यापारी मेले में अपना उत्पाद लेकर आने लगे । रविवार को मेले का शुभारंभ फीता काटकर करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने कहा कि पट्टी नगर वासियों तथा क्षेत्र के आम लोगों के लिए यह मेला किसी उत्सव से काम नहीं है।

यह आपसी एकता तथा समरसता का संदेश देता है। उन्होंने पट्टी की जनता को इसके भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ब्लॉक प्रमुख बाबा बेलखरनाथ धाम सुशील सिंह, पट्टी ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार सिंह पप्पू सिंह, समिति की अध्यक्ष जुग्गीलाल जायसवाल,पट्टी नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ,प्रबंधक सुरेश जायसवाल उपाध्यक्ष राम प्रकाश जायसवाल ,रामचंद्र जायसवाल व अवधेश सिंह अखिलेश जायसवाल शाह प्रबंधक रमेश सोनी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



दशहरे मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते पूर्व मंत्री मोती सिंह।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, चाकू बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना अन्तू के उ0नि0 शुभनाथ साहनी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना अन्तू के मु0अ0सं0 53/23 धारा 147, 148, 307, 379 504, 506 भादवि व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में वांछित अभियुक्त रणवीर वर्मा पुत्र जगन्नाथ वर्मा नि0ग्राम खुशियाल का पुरवा अर्जुनपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ को थानाक्षेत्र अन्तू के किशुनगंज बाजार से गिरफ्तार किया गया व अभियुक्त की निशान देही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद चाकू बरामद किया गया।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जिले के थाना सांगीपुर के उ0नि0 अजय कुमार अंचल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना सांगीपुर के मु0अ0सं0 333/23 धारा 376(3), 504, 506, 511 भादवि व धारा 5एम/6/18 पाक्सो एक्ट व धारा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5ए, 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त संदीप सिंह पुत्र लाल सहाब सिंह नि0ग्राम खजुरी थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र सांगीपुर के तेलियानी बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया।

# युवा अपनी प्रतिभा से जिले तथा प्रदेश का नाम करें रोशनः सदर विधायक

## युवा उत्सव/सांस्कृतिक कार्यक्रम चयन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव/सांस्कृतिक कार्यक्रम चयन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने दीप प्रज्जवलित कर तथा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

युवा उत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार तथा केन्द्र सरकार युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में सतत प्रयत्नशील है। युवा अपनी प्रतिभा के बल पर अपने जिले तथा प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होने आयोजन की सराहना करते हुये कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर मिलता है। उन्होने गुरूजनों को बधाई देते हुये कहा कि उनके द्वारा दिये गये सफल प्रशिक्षण से युवा आज इन विधाओं में आगे बढ़े है। उन्होने नेहरू युवा केन्द्र तथा युवा कल्याण विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुये कहा कि इन विभागों ने युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने के लिये ग्राम स्तर से ब्लाक, जिला व प्रदेश स्तर पर आयोजन कर युवाओं को सुनहरा अवसर प्रदान किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केन्द्र के उप निदेशक समर बहादुर सिंह ने की। उन्होने कहा कि ये युवा अपनी प्रतिभा से अपने परिवार, समाज तथा जिले का नाम रोशन करें। उन्होने कहा कि इन युवाओं में प्रतिभाओं की कोई कमी नही है, बशर्ते इन्हें प्रतिभा निखारने का अवसर मिले। इस दिशा में नेहरू युवा केन्द्र समय-समय पर युवाओं की खेल-कूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिताओं का आयोजन निरन्तर करता रहता है। कार्यक्रम की समाप्ति के उपरान्त प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र तथा युवा कल्याण अधिकारी सहित उपस्थित अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय इण्टर कालेज बरदहा के प्रधानाचार्य विन्ध्याचल सिंह, पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0 सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी सविता यादव ने युवाओं को प्रोत्साहित किया। प्रारम्भ में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी केशव कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि विधायक सदर को अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया तथा आयोजन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। निर्णायक के रूप में पीबी इण्टर कालेज के संगीत प्रवक्ता ममता त्रिपाठी, अवधेश सिंह रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डा0 मो0 अनीस ने किया। युवा उत्सव/सांस्कृति कार्यक्रम चयन प्रतियोगिता में सन्त अन्थोनी कालेज ने सामूहिक लोक नृत्य में प्रथम स्थान तथा बी0एस0एस0 कालेज ने द्वितीय स्थान, सामूहिक लोक गीत में बी0एस0एस0 कालेज प्रथम तथा साकेत गर्ल्स कालेज ने द्वितीय स्थान, एकल लोक नृत्य में सन्त अन्थोनी की गुंजन पाल ने प्रथम तथा अंजली मिश्रा ने द्वितीय स्थान, एकल लोक गीत में वैभव श्री प्रथम स्थान तथा गायत्री शुक्ला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार लाईफ स्किल के अन्तर्गत कहानी लेखन में मनु ओझा प्रथम, अंशिका यादव द्वितीय तथा फैजिया खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में अक्षय मौर्या प्रथम, हिमांशु सिंह द्वितीय तथा ज्योति सरोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में शुभी गुप्ता प्रथम, प्रज्ञा सिंह द्वितीय तथा पूजा पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फोटोग्राफी में शुभम सोनी प्रथम, रोहित केरकट्टा द्वितीय तथा प्रज्ञा सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के संयोजन में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुमित कुमार पाल ने महती भूमिका निभायी। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के विश्वजीत सिंह सहित देश दीपक जोशी, अविनाश मल, अभिनव शुक्ला, सुमित सिंह, आशुतोष उपाध्याय, राधेश्याम तिवारी, अशोक प्रजापति, प्रतिभा राव, रामशंकर वर्मा, राधेश्याम उपाध्याय, अक्षय वर्मा, पारस सरोज, अलाउद्दीन, शिवलोचन पाण्डेय एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।



युवा उत्सव कार्यक्रम में सदर विधायक को सम्मानित करते आयोजकगण।

# किशोर को दूधिया वाहन ने मारी टक्कर, मौके पर हुई मौत

## घटना से आक्रोशित ग्रामीणों के साथ परिजनों ने सड़क पर शव रखकर किया चक्काजाम

अखंड भारत संदेश



**करारी कौशाम्बी।** जिले के करारी थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह शौच के लिए खेत की तरफ जा रहे किशोर को दूधिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया,चार पहिया वाहन की टक्कर से किशोर की मौके पर ही तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना किशोर के परिजन को दी गई किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए आक्रोशित परिजनो और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले को सुलझाने में जुटी है काफी प्रयास के बाद ग्रामीण और परिवार के लोग माने है पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के मोअज्जामपुर निवासी रोहित सरोज उम्र 11 वर्ष पुत्र सोहन लाल रविवार की शौच के लिए खेत की तरफ जा रहा था मोअज्जामपुर पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे जैसे ही रोहित पहुंचा करारी की तरफ से एक चार पहिया वाहन तेज रफ्तार से दूध लेकर प्रयागराज की तरफ जा रहा था तभी रोहित को चारपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी,टक्कर लगने के बाद रोहित तड़पने लगा और वाहन चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।कुछ देर बाद घटनास्थल पर तड़प तड़प कर रोहित की दर्दनाक मौत हो गई हादसे के बाद मामले की सूचना ग्रामीणों और परिजनों को मिली तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई परिवार के लोग भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए रोहित की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया, घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर शव रख कर चक्का जाम कर दिया है घटना और सड़क जाम की सूचना पर पहुंची करारी थाना पुलिस ग्रामीणों को समझाने में जुटी रही कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई घटना के बाद फरार वाहन और उसके चालक की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है।

## सकाढ़ा अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक दो चालक घायल

**कोखराज कौशाम्बी।** एमपी से शिमला मिर्च लोडकर रांची जा रहा ट्रक कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढ़ा अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया,हादसे में ट्रक के दो चालक घायल हो गए,वही शिमला मिर्च का भी काफी नुकसान हुआ है। घटनाक्रम के मुताबिक एमपी के सिपरी से शिमला मिर्च लोडकर रांची जा रहा ट्रक कौशाम्बी जिले के रास्ते से होकर बाईपास होकर टोल प्लाजा से रांची की तरफ जा रहा था,जैसे ही वह कोखराज थाना क्षेत्र के रोही बाईपास पार कर सकाढ़ा मोड के पास पहुंचा अंधे मोड़ पर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया,हादसे में ट्रक के दो चालक दबकर घायल हो गए,ट्रक पलटने से उसने लोड किया हुआ शिमला मिर्च का भी काफी नुकसान हुआ है।ट्रक चालक क्रेन मंगवाकर




ट्रक को बाहर निकालने में जुटे हुए है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची है और कार्रवाई में जुटी है।

## झगड़ा के बाद ट्रेन के आगे कूदे युवक की हुई दर्दनाक मौत



**कोखराज कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में पत्नी से मामूली विवाद के बाद युवक ने आवेश में आकर ट्रेन के आगे छलांग लगा दी,ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत हो गई,घटना की सूचना पर पहुंची कोखराज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटना कब के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर गांव का संत लाल कोरी पुत्र स्वर्गीय भोला का देर शाम किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया था, दोनो पति पत्नी ने आपस में झगड़ा और विवाद किया,जिसके बाद संत लाल आवेश में रेलवे लाइन की तरफ गया और ट्रेन के आगे कूद गया,जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना जैसे ही परिजनो को मिली परिजनों मे कोहराम मच गया,वही घटना की सूचना पर पहुंची कोखराज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

# विश्व कप मैच देखने के लिए सड़क पर उमड़ी जनता

**कौशाम्बी।** नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मुकाबला हो रहा है।फाइनल मैच के लिए टॉस हुआ और ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला लिया है।कौशाम्बी जनपद के क्रिकेट प्रेमी इसके लिए अति उत्साहित है और भारत को वर्ल्ड कप दिलाने के लिए पिछले कई दिनों से लगातार मस्जिदों में दुआ और विराट विजय दौड़ का भी आयोजन किया गया है।वही आज हो रहे फाइनल मैच में जीत के लिए कौशाम्बी अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह और व्यापार मंडल अध्यक्ष अंशुल केसरवानी ने हवन पूजन कर भारतीय टीम को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी है। भारतीय क्रिकेट टीम को वर्ल्ड कप का फाइनल मैच जिताने के लिए शुक्रवार को जहां मंझनपुर कस्बे के जामा मस्जिद समेत

### भारत को विश्व कप जिताने के लिए कौशाम्बी में शिव मंदिर में एएसपी व व्यापार मंडल अध्यक्ष ने किया हवन पूजन



विभिन्न मस्जिदों में भारतीय टीम की जीत के लिए दुआ मांगी गई थी, वहीं रविवार को दोपहर में मंझनपुर कस्बे के नेता नगर स्थित शिव मंदिर में भारत को विश्व कप जिताने के लिए हवन पूजन का कार्यक्रम रखा गया। जिसमे पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह व व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष अंशुल केशरवानी व आसपास के सैकड़ो लोगों ने हवन पूजन किया। इस दौरान यहां पर लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। जिसमे नगर के अलावा आसपास के सैकड़ो लोग पहुचकर लाइव प्रसारण का आनंद ले रहे हैं,वही अपर पुलिस अधीक्षक ने भी लाइव प्रसारण देखा।

## आज होगा सरस हॉल में युवा उत्सव कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी अंश मिश्रा ने अवगत कराया है कि शासन के निदेर्शानुसार जनपद स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 20 नवम्बर 2023 को विकास भवन स्थित सरस हॉल में किया जायेंगा। कार्यक्रम की थीम-ह्लएक भारत-श्रेष्ठ भारत है। जनपद के इच्छुक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम-सामूहिक लोकगीत, एकल लोकगीत, सामूहिक लोकनृत्य एवं एकल लोकनृत्य में प्रतिभाग करने के लिए अपने विकास खण्ड के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी से सम्पर्क कर पंजीकरण करा सकतें हैं। पंजीकरण दिनांक 20 नवम्बर 2023 के पूर्वान्ह 10 बजे तक किया जायेंगा। कलाकार की आयु 15 से 29 वर्ष होनी चाहिए। युवा उत्सव के तहत स्किल आधारित प्रतियोगिता-कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में विजयी कलाकारों को पुरस्कार दिया जायेगा।

## तालाबी नंबर में लेखपाल ने सांठ गांठ कर अवैध तरीके से करा दिया निर्माण

**कौशांबी।** चायल तहसील के ग्राम सभा बूंदा में ग्रामीणों की माने तो तालाब की आराजी नंबर 706 जो 12 बीघे का तालाब है। जिसको अवैध तरीके से हल्का लेखपाल ने मकान निर्माण करा दिया है। इसकी शिकायत कई बार गांव के लोगों द्वारा लेखपाल से की गई लेकिन लेखपाल से सांठ गांठ होने के कारण नजर अंदाज कर अवैध निर्माण करा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल ने मोटी रकम लेकर तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा करवाया है ग्रामीणों ने जिला अधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराकर कार्रवाई करने की मांग की जहां यूपी की योगी सरकार रिजर्व जमीनों को खाली कराने पर जोर दे रही है तो वहीं राजस्व अधिकारीयों की मिली भगत से हल्का लेखपाल ऐसी जमीनों को कब्जा कराने से बाज नहीं आ रही हैं।जहां सरकार की मंशा है। तालाबी नंबर,चारागाह, खलिहान आदि की रिजर्व की गई जमीन को खाली कराया जाए लेकिन राजस्व लेखपालों की मिली भगत से अवैध कब्जा धारकों का मकान बनवा दिया जाता है। जिसे बाद में ऐसी जमीनों को खाली करना टेढ़ी खीर साबित होती है।लेखपालों की ही घूसखोरी के चलते देवरिया जैसे बड़े कांड और ट्रिपल मर्डर कांड जैसी घटनाएं घटित हो जाती है। फिर भी प्रशासनिक अधिकारी मौन बने बैठे रहते हैं

## ग्रामसभा की बेस कीमती भूमि पर दबंग कर रहा अवैध कब्जा

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में ग्रामसभा की बेस कीमती भूमि पर गांव का एक दबंग अवैध रूप से कब्जा कर रहा है , जिसकी शिकायत गांव के लोगो ने एसडीएम सिराथू व कड़ा धाम पुलिस से करते हुए ग्रामसभा की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराए जाने की मांग की है। कड़ा ब्लॉक के अंबाई बुजुर्ग का मजरा तकिया गांव निवासी सुग्रीव यादव पुत्र चंद्रिका प्रसाद ने एसडीएम सिराथू प्रबुद्ध सिंह व कड़ा धाम पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से गांव के एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए बताया की ग्रामसभा की बेस कीमती भूमि पर लगभग 53 वर्षो से उसका कब्जा है जिस पर गाँव का दबंग नथन यादव पुत्र इंद्रपाल यादव जबरन अवैध कब्जा कर रहा है जिसका विरोध करने पर दबंग धमकी देता है , पीड़ित ने ग्रामसभा की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर दबंग पर कार्यवाही की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### पैदल गस्त कर थाना पुलिस ने लिया कानून व्यवस्था का जायजा



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन पर जनपद के समस्त थाना पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था का जायज लिया पैदल गस्त पर निकली पुलिस टीम ने गस्त के दौरान वाहनों की चेकिंग की और लोगों को कानून व्यवस्था पालन करने की सख्त हिदायत दिया। जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत कौशाम्बी जनपद के समस्त थाना पुलिस बल द्वारा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया तथा आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया व संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग की गई और उन्हें काले निर्देश दिए गए हैं संदिग्ध अपराधियों पर थाना पुलिस की कड़ी नजर रही।

### जला बदर घोषित पूर्व ग्राम प्रधान के घर पर नोटिस चस्पा



**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानांतर्गत उजहिनी खालसा गांव के पूर्व ग्राम प्रधान मतलूब उल्ला पुत्र अबीब उल्ला को जिला मजिस्ट्रेट कौशाम्बी सुजीत कुमार द्वारा छः माह के लिए बहिष्कृत (जिला बदर) कर दिया गया है,वहीं कौशाम्बी पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन व थाना प्रभारी भुवनेश चौबे के नेतृत्व में संदीपन घाट पुलिस ने उक्त पूर्व प्रधान के घर में नोटिस चस्पा कर संबंधित ग्राम सभा में मुनादी व लाउडस्पीकर द्वारा एलाउंस कराकर अवगत कराया गया,साथ ही पुलिस द्वारा ग्रामवासीयों से अपील की गई कि यदि जिला बदर अभियुक्त अपने घर व आस पास कहीं दिखाई दे तो तत्काल थाने में सूचना दें इस मौके पर उपनिरीक्षक संजय कुमार उपनिरीक्षक जयप्रकाश सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती-सुनील कुमार

**कौशांबी।** कहते हैं कोई भी बाधा प्रतिभा को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती हैं। जरूरत है प्रतिभाओं को मौका देने की। यह बात राष्ट्रीय आविष्कार अभियान ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने कही। कड़ा ब्लॉक के अंतर्गत श्री गंगा प्रसाद साहू इंटर कालेज देवीगंज में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को हुआ। प्रतियोगिता में सबसे सर्वोच्च अंक कड़ा ब्लॉक के ही सुल्तानपुर कसार के कंपोजिट विद्यालय के क्लास 8 में पढ़ने वाले आरती देवी, खुशबू देवी व अंजना देवी ने सर्वोच्च अंक लाकर अपने विद्यालय सहित गांव का नाम रोशन किया है। तीनों छात्राओं ने इसका श्रेय अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक जियाउल इस्लाम, सहायक अध्यापक प्रकाश चौधरी, व सहायक अध्यापक हिमांशु प्रजापति सहित अपने माता पिता को दिया है। विजयी प्रतिभागियों को खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा सुनील कुमार सहित कड़ा ब्लॉक के कई विद्यालयों के अध्यापक उपस्थित रहे।

### वाहन समेत 8 पशु बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्ब।** पिकअप वाहन में 8 पशुओं को भर कर बाहर ले जाते वक्त पशु तस्कर को चरवा थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के अरई सुमेरपुर से गिरफ्तार किया है आए दिन पशुओं को चोरी करने और बाहर ले जाने की सूचना से पुलिस परेशान थी शनिवार की रात्रि में पशु तस्कर 8 पशुओं को पिकअप में भरकर ले जा रहे थे चरवा पुलिस ने पिकअप वाहन को रोक लिया जिसमें 08 राशि पड़वा को क्रूरता पूर्वक पिकअप में भरकर पशु तस्कर ले जा रहे थे पुलिस ने अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र अशरफी निवासी अहिरारा थाना करारी को गिरफ्तार कर लिया है और मौके से पिकअप वाहन और 8 पशुओं को अपने कब्जे में ले लिया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय में पुलिस ने किया है

### बालिका को बरामद कर अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त नफीस अहमद पुत्र अतीक अहमद निवासी पूरब पश्चिम शरीरा को थाना क्षेत्र के पुनवार चौराहा से गिरफ्तार किया गया एवं मुकदमा उपरोक्त से संबंधित पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय व पीड़िता को बाल कल्याण समिति भेजा गया। वारदात को अंजाम देने जा रहा अभियुक्त चाकू के साथ गिरफ्तारकौशाम्बी वारदात को अंजाम देने जा रहे एक अभियुक्त को कोखराज थाना पुलिस ने असवा चौराहे के पास से अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अभियुक्त मोहम्मद सैफ पुत्र मोहम्मद हकीम सादुल्लापुर रोही को थाना क्षेत्र के असवा चौराहा से एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान पुलिस ने न्यायालय में किया है।

# विद्यालय की ट्रांसफर भूमि पर दबंगों का कब्जा अधिकारियों से मिली आश्वाशन की घुट्टी

**कौशांबी।** भूमाफिया जमीन पर गिद्ध की तरह नजरे गड़ाए रहते है जैसे ही जमीन मालिक की निगाह हटी वैसे ही माफिया जमीन पर कब्जा जमाना शुरू कर देते हैं। उन्हे न तो राजस्व कर्मी न ही अधिकारियों का किसी प्रकार का खौफ है उन्हे ऐन केन किसी भी तरह से जमीन पर कुंडली मारनी होती है। ऐसा ही एक मामला अफजलपुर वारी का है जिसमे जमीन मालिक से प्रशासन ने जमीन के बदले जमीन दी थी लेकिन जमीन बेशकीमती होने के चलते दबागों ने उस जमीन पर कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। मजे की बात है की भुक्तभोगी की परेशानी न तो नेता सुन रहे है और न ही प्रशासन। मालूम हो जनपद के सिराथू तहसील के अफजलपुर वारी गांव में फूलचंद केसरवानी की भूमि राजकीय विद्यालय विकासखंड कड़ा तहसील सिराथू की भूमि का ट्रांसफर जमीन पर दूसरे जनपदों के दबंग एवं भू माफियाओं द्वारा कब्जा किया जा रहा हैं। जिसकी शिकायत भुक्तभोगी ने कई बार उच्चाधिकारियों से मगर हर बार अधिकारियों की चौखट से उसे निराशा ही हाथ लगी जिसके चलते पीड़ित फूलचंद केसरवानी दबंग से काफी भयभीत है। 16 नवंबर बृहस्पतिवार को दबंगों द्वारा भूमि पर मकान निर्माण करना शुरू कर दिया जिसका पीड़ित विरोध किया तो दबंगों द्वारा भला बुरा कह कर भगा दिया गया। पीड़ित काफी परेशान होकर राजस्व अधिकारियों की चौखट पर अपनी नाक बार-बार रगड़ रहा है लेकिन हर बार दरबार से न्याय के बदले मिलता है तो सिर्फ आश्वाशन की घुट्टी।

## विद्यालय की भूमि में अवैध कब्जे में संलिप्तता में प्रधानाध्यापक निलंबित

### हफ्तों से हो रहे अवैध निर्माण की बीईओ को भी नहीं थी भनक

कौशाम्बी। कड़ा इलाके के प्राथमिक विद्यालय मोहब्बतपुर जीता की जमीन में गांव का एक दबंग अवैध निर्माण कर रहा था अवैध निर्माण में प्रधानाध्यापक की संलिप्तता उजागर होने पर बीएसए ने टीचर को निलंबित कर दिया है। साथ ही सरसवां इलाके के घोघ का पूरा प्राथमिक विद्यालय में सम्बद्ध कर दिया है। कड़ा बीआरसी के प्राथमिक विद्यालय मोहब्बतपुर जीता में कुछ दिन पूर्व जर्जर भवन धराशायी कराया गया था। आरोप है कि उक्त खाली भूमि में मंगल सोनकर अवैध निर्माण करा रहा था। विद्यालय की भूमि में अवैध निर्माण के बारे में घोषियाना चौकी प्रभारी ने बीईओ कड़ा को अवगत कराया। बीईओ कड़ा ने विद्यालय का निरीक्षण रिपोर्ट बीएसए को भेज दिया था। बीईओ की रिपोर्ट में अवैध निर्माण की सूचना उच्च अधिकारियों को न देने का आरोप प्रधानाध्यापक शीतला प्रसाद पर लगाया है। बीएसए कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है।

# भारतीय संस्कृति का वैभव स्थापित संगठन का लक्ष्य : अवधेश नारायण शुक्ला

**कौशाम्बी।** हिन्दू जागरण मंच की एक बैठक का आयोजन नेवादा ब्लॉक के किशुनपुर अम्बारी में किया गया बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ल ने किया। इस मौके पर उन्होंने संगठन के लोगों का आवाहन करते हुए कहा कि भारत देश की ऐतिहासिक मजबूत संस्कृति ही हमारी पहचान है और यह संस्कृति ही हिंदू धर्म की असली प्रतिरूप है जिसे मौजूदा समय में कुछ लोगों द्वारा शाजिसन चोट पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर बोलते हुए हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने कहा कि आज भारतीय संस्कृति जिसकी पहचान हिंदुत्व है उसे नुकसान पहुंचाने के लिए लगातार साजिश की जा रही है। हम सभी को अपनी प्राचीन संस्कृति को बचाए रखने के लिए संघर्ष करना अब जरूरी हो गया है। इस मौके पर दोनों ने लोगों से सीधे बात करते हुए कहा कि आज जिस तरीके से दूसरे धर्म के मानने वाले लोग एक साजिश के तहत जनसंख्या विस्फोट कर रहे हैं वह भारत की मूल संस्कृति को अब नुकसान पहुंचाने जा रहा है। यदि अभी से



हम सभी लोग इसके खिलाफ एकजुट रूप से खड़े होकर लड़ाई नहीं लड़ेंगे तो आने वाले समय में जैसे अन्य देशों से हिंदू धर्म विलुप्त हो गया है वैसे ही भारत देश में इस धर्म के खिलाफ शाजिस कर खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने सभी वर्गों से एकजुट होने की अपील किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष यशवंत सिंह यादव, भुनेश्वर तिवारी, अनूप कुमार शर्मा, लक्ष्मीकांत पाल, राजेश कुमार पासी, अजय कुमार, लक्ष्मण पासी, ओम प्रकाश कुशवाहा, रामकृष्ण पाल, गुड्डू गौतम, राम कृष्ण पाल, वीरेंद्र मौर्य, आशीष यादव, संदीप कुमार, इंद्रपाल, लालू जी, लक्ष्मण जी, लक्ष्मण प्रसाद, सरोज, कमलेश दिवाकर, संतोष कुमार सरोज, सुनीता कुमारी, अनीता देवी, राजकुमारी, महेंद्र प्रताप जेपी सरोज सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# इचौली में निरंतर अविरल प्रवाहित श्री मद भागवतकथा ज्ञानयज्ञ में उमड़ रही भीड़



**कौशाम्बी।** गंगा यमुना के मध्य कौशांबी मुख्यालय से जुड़े ग्राम इचौली में विगत दिनाँक 14 नवम्बर से निरंतर अविरल प्रवाहित श्री मद भागवतकथा ज्ञानयज्ञ में वक्ता आचार्य श्री आलोक मिश्रा के मुखरित शब्दों से श्री कृष्ण रास लीला तथा रुक्मिणी विवाह का अतुलनीय वर्णन 19 नवम्बर को किया गया कथा यजमान रमेश कुमार पांडेय, श्रीमती शिव कन्या पांडेय सहित प्रदीप कुमार, शिव पूजन, सुनील कुमार, अनिल कुमार पांडेय, पूर्व प्रधानाचार्य मुरलीधर मिश्रा अवधेश कुमार तिवारी, दीनबंधु द्विवेदी, कृष्णा प्रसाद तिवारी, ज्ञान दत्त मिश्रा, राममोहन पांडेय वीरेंद्र कुमार द्विवेदी सहित ग्राम इचौली व पड़ोस के ग्रामों से सैकड़ों नर नारी उपस्थित रहे.श्री मद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के अवसर पर यजमान के लघु भ्राता राज कुमार पांडेय सहित समस्त पांडेय परिवार ने समस्त आए श्रोताओं का अभिवादन व आभार व्यक्त किया

# भगवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण लीला का हुआ वर्णन

**कौशाम्बी।** श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक नंद जी महाराज ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को



देख भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत को नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद वर्षा को बंद कर देते हैं। जिसके बाद ब्रज में भगवान श्री कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं। मौके पर मुख्य यजमान उदयवीर सिंह ने सपत्नीक कथा श्रवण कर भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। इस अवसर पर पांचवे दिन भी श्रोताओं में आनंद सिंह, महेंद्र सिंह, कपूर चंद्र केसरवानी, सुनील साहू, कृष्ण कुमार पांडेय, दीनू पांडेय, पुत्तन सिंह, बीर बहादुर सिंह, रामतापोवन सिंह, रविन्द्र सिंह, दिनकर सिंह, आशुतोष सिंह, सुधाकर सिंह, अविनाश सिंह, गौरव सिंह, आदित्य सिंह सहित सैकड़ों नर-नारियों की भीड़ उमड़ी ने कथा का श्रवण किया।

## अलीगढ़ से भागे बालक को बरामद कर कौशांबी पुलिस ने परिजनों को सौपा

**कोखराज कौशाम्बी** अलीगढ़ जनपद में परिजनों से नाराज होकर भागे बालक को कौशांबी पुलिस ने बरामद कर लिया है और फोन के जरिए अलीगढ़ पुलिस को सूचना दी है अलीगढ़ पुलिस के साथ परिजन कौशांबी आए हैं और बालक को देखकर प्रसन्न हो गए हैं जानकारी के मुताबिक करण सिंह उम्र 14 वर्ष पुत्र विनोद कुमार निवासी नगला धारक पुर थाना बेलौर जिला अलीगढ़ घर से भाग कर भरवारी स्टेशन पर आ गया था, उसके द्वारा बताए नंबर पर संपर्क करने पर पुलिस को जानकारी हुई कि उसके परिजनों द्वारा थाना बन्ना देवी अलीगढ़ में गुमसूदगी की तहरीर दी गई है आरपीएफ की निगरानी में बालक को रख कर चौकी प्रभारी सुरेंद्र पासवान द्वारा आवश्यक पुछताछ व कार्यवाही के उपरांत आज सीडब्ल्यूसी मंझनपुर के समक्ष पेश किया गया,मौके पर अलीगढ़ पुलिस के साथ बालक के परिजन भी उपस्थित रहे , आवश्यक कार्यवाही के बाद सीडब्ल्यूसी मंझनपुर द्वारा बालक को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

## संपादक की कलम से

# कैसे बरकरार रहे लोकतंत्र की शोभा

**हमसे** लड़ने की हिम्मत तो जुटा लोगे लेकिन कमीनापन कहां से लाओगे? फौजियों का गोश्त कौवों को खिलायेंगे। फिल्म चाइना गेट के ये संवाद है। जिन्हें फिल्म में जगीरा का किरदार निभाने वाले अभिनेता मुकेश तिवारी ने भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय की चुनावी सभा में सुनाया। इस पर सभा में उपस्थित लोगों ने तो तालियां बजाई ही, खुद भाजपा प्रत्याशी भी इस पर ताली बजाते दिखे। फिल्म में जिस पृष्ठभूमि में ये संवाद बोले गए, वो अलग बात है, मगर चुनाव प्रचार में इन संवादों के बोले जाने पर सियासी बखेड़ा खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने इन संवादों पर सवाल उठाए और कहा कि इन गुणों की हमें जरूरत नहीं, ये भाजपा को ही मुबारक। तो भाजपा ने पलटवार कर दिया कि अब कांग्रेस फिल्मी संवाद में भी राजनीति तलाश रही है। भाजपा और कांग्रेस के तर्कों में कौन सही है और कौन गलत, ये तय करने का काम चुनाव आयोग का है, बशर्ते ये मामला आयोग तक पहुंचे। इतना जरूर है कि अगर किसी और मंच या मौके पर इन संवादों पर कोई आपत्ति नहीं करता। मगर चुनाव के दौरान खास तौर पर ये कहना कि हमसे लड़ने की हिम्मत तो जुटा लोगे, लेकिन कमीनापन कहां से लाओगे, निश्चित ही अशोभनीय लग रहा है। चुनाव प्रचार में लोकतंत्र की शोभा बनी रहे, यह जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। कड़वी सच्चाई है कि सत्ता हासिल करने के लिए शातिर चालें चली जाएंगी, हथकंडे अपनाए जाएंगे, वोट हासिल करने के लिए साम-दाम-दंड-भेद सभी तरीकों का इस्तेमाल भी होगा।

अगर ये मान लिया जाए कि सभी उम्मीदवार नैतिकता की मिसालें कायम करते हुए पूरी ईमानदारी से चुनाव लड़ेंगे तो यह खुद को धोखा देने वाली बात है। हकीकत यही है कि चुनाव में जहां मौका मिलेगा, वहां बेईमानी होगी, चाहे वो किसी भी तरह की हो। इसलिए देश में निर्वाचन आयोग की व्यवस्था की गई है, उसे हर तरह के राजनैतिक दबाव से मुक्त रखा गया है, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव हो सकें। चुनाव में होने वाली बेईमानियों पर अंकुश लग सके। अफसोस है कि निर्वाचन आयोग से लोकतांत्रिक देश के नागरिकों को जो उम्मीदें थीं, वो उन पर खरा नहीं उतर पा रहा है। देश की जांच एजेंसियों से भी ऐसी ही निराशा हाथ लगी है। ऐसा लग रहा है मानो इन सबकी डोर एक ही जगह बंधी है और वहीं से सारे खेल खेले जा रहे हैं। इन डोरियों से बंधी संस्थाओं में कब किसको किस मौके पर उठाना है, कितना आगे बढ़ाना है, कितना पीछे खींचना है, ये सब कोई और ही तय कर रहा है। जनता को केवल मंच पर होने वाली हलचल दिख रही है, उसके पीछे क्या चल रहा है, इसका अहसास ही नहीं हो रहा।

जिस मध्यप्रदेश में कमीनापन जैसे निम्नस्तरीय शब्द को चुनावी मंच से कहा गया, उसी मध्यप्रदेश में भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द सिंह तोमर के सुपुत्र देवेंद्र सिंह तोमर से जुड़े कुछ वीडियो पिछले दिनों वायरल हुए। सत्ता के खेल में सीडी, वायरल वीडियो, फोन टैपिंग जैसे हथियारों का इस्तेमाल अब नयी बात नहीं रह गई है। राजनैतिक दल अक्सर चुनाव के वक्त इन्हें एक-दूसरे के खिलाफ इस्तेमाल करते हैं। श्री तोमर के बेटे के जो वीडियो सामने आए हैं, उनमें शुरूआती दो वीडियो में पहले सौ और फिर पांच सौ करोड़ के लेन-देन की बात की गई है और इसके बाद एक तीसरा वीडियो भी आया, जिसमें एक शख्स ने दावा किया कि पहले दो वीडियो में उसी से देवेंद्र तोमर की बातचीत हो रही थी। उसने बताया कि मामला सौ-पांच सौ नहीं, दस हजार करोड़ का है। इसके अलावा विदेश में गांजे की खेती की बात भी इस शख्स ने की। तोमर परिवार के सदस्यों के साथ व्हाट्स ऐप संदेशों के आदान-प्रदान से लेकर उनके आवास पर पार्सल भिजवाने जैसे कई खुलासे इस शख्स ने किए और साफ-साफ कहा कि कोई मीडिया संस्थान उनसे संपर्क करेगा तो वो सारे सबूत दे देंगे।

न खाऊंगा, न खाने दूंगा। सारे भ्रष्टाचारियों का हिसाब लूंगा। ऐसे दावे करने वाले नरेन्द्र मोदी के लिए ये एक प्रकरण काफी था कि वे तुरंत हरकत में आते और अपनी केबिनेट के एक वरिष्ठ मंत्री का नाम इस मामले में सामने आने पर उनसे इस्तीफा लेकर नैतिकता के उच्च मापदंड का परिचय देते। देश की ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियां जो जरा सी भनक के आधार पर विपक्षी नेताओं के ठिकाने पर बड़े पैमाने पर छापेमारी कर उनसे घंटों पूछताछ के उदाहरण पेश कर चुकी है, वो जांच एजेंसियां न जाने क्यों अब तक मध्यप्रदेश नहीं जा पाई हैं। जबकि उससे लगे छत्तीसगढ़ और राजस्थान में ईडी, सीबीआई का आना-जाना लगा रहता है। चुनाव आयोग के कान भी इस वीडियो को देखकर खड़े हो जाने चाहिए थे, क्योंकि स्वतंत्र चुनाव तभी संभव है, जब उसमें बेनामी पैसे या काले धन का इस्तेमाल नहीं हो। अगर बात दस हजार करोड़ की है, तो क्या आयोग ये सोचकर निश्चिंत बैठा रह सकता है कि इस रकम से एक धेला भी चुनाव में इस्तेमाल नहीं हो रहा होगा। और फिल्म दुनिया के लोगों के जूतों में ड्रग्स को सूंघ कर कार्रवाई करने वाले नारकोटिक्स विभाग को क्या इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा कि देश में बैठा कोई शख्स विदेश में जमीन लेकर गांजे की खेती की योजना बना रहा है। आखिर ये गांजा उगाकर किस बाजार में बेचने की तैयारी हो रही है।

इन वीडियो के सामने आने के बाद देश में ऊपर से नीचे तक हड़कंप मच जाना चाहिए था। असल में ये वीडियो लोकतंत्र की नींव पर रखे टाइम बम के समान हैं, जो फटेंगे तो सब कुछ चिथड़ा-चिथड़ा हो जाएगा। मगर सरकार और जिम्मेदार एजेंसिया जिस तरह इससे बेपरवाह नजर आ रही हैं, उनसे और अधिक चिंता हो रही है। नरेन्द्र सिंह तोमर इन वीडियो को झूठा बताकर जांच की मांग कर रहे हैं।

जबकि केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की ही सरकारें हैं, तो उनके लिए और आसान है कि वे जांच के आदेश दें। देश भी तो यही चाह रहा है कि इन वीडियो का सच सामने आए। लड़ने के लिए कमीनापन नहीं. सही मायनों में हिम्मत की जरूरी होती है। क्या मोदी सरकार ये हिम्मत दिखाएगी।

# सूर्य भगवान की उपासना का पर्व है छठ पूजा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**छठ** पूजा भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है। भारत में सूर्य पूजा की परम्परा वैदिक काल से ही रही है। हिंदुओं के सबसे बड़े पर्व दीपावली को पर्वों की माला माना जाता है। पांच दिन तक चलने वाले ये पर्व छठ पूजा तक चलते है। उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाया जाने वाला यह बेहद अहम पर्व है जो पूरे देश में धूम-धाम से मनाया जाता है। छठ पूजा केवल एक पर्व नहीं है बल्कि महापर्व है जो कुल चार दिन तक चलता है। नहाय खाय से लेकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने तक चलने वाले इस पर्व का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है।

ऊर्जा का सबसे बड़ा स्त्रोत सूर्य है। इस कारण हिन्दू शास्त्रों में सूर्य को भगवान मानते हैं। सूर्य के बिना कुछ दिन रहने की जरा कल्पना कीजिए। इनका जीवन के लिए इनका रोज उदित होना जरूरी है। कुछ इसी तरह की परिकल्पना के साथ पूर्वोत्तर भारत के लोग छठ महोत्सव के रूप में इनकी आराधना करते हैं। छठ पूजा हिन्दुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। सामान्यता यह त्योहार बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में छठ पूजा को महापर्व घोषित कर छठ पूजा के दिन सरकारी छुट्टी भी लागू कर दी गई है। छठ पूजा का महत्व बहुत ज्यादा है। यह व्रत सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति, जल, वायु आदि को समर्पित है। इस व्रत को करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सुख प्राप्त होता है। छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिन का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भैया दूज के तीसरे दिन यानि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से आरंभ हो जाते है। व्रत के पहले दिन को नहा-खा कहते हैं। जिसका शाब्दिक अर्थ है स्नान के बाद खाना। इस दिन पवित्र नदी में श्रद्धालु स्नान करते हैं। वैसे तो यह पर्व मूल रूप से गृहिणियों द्वारा मनाया जाता है। लेकिन आजकल पुरुष भी इसमें समान रूप से सहयोग देते हैं।

छठ पर्व को किसने शुरू किया इसके पीछे कई ऐतिहासिक कहानियां प्रचलित हैं। लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की थी।

सप्तमी को सूर्योदय के समय अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशिर्वाद प्राप्त किया था। इसी के उपलक्ष्य में छठ पूजा की जाती है।

हमारे देश में सूर्य उपासना के कई प्रसिद्ध लोकपर्व हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं। सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस पर्व को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से संबोधित किया जाता है। इस पर्व को बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई समेत देश के उन तमाम महानगरों में मनाया जाता है। जहां-जहां इन प्रांतों के लोग निवास करते हैं। यही नहीं, मॉरिशस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत विदेशों में भी भारतीय मूल के प्रवासी छठ पर्व को बड़ी आस्था और धूमधाम से मनाते हैं। डूबते सूर्य की विशेष पूजा ही छठ का पर्व है। चढ़ते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं।




छठ पर्व की परम्परा में वैज्ञानिक और ज्योतिषीय महत्व भी छिपा हुआ है।

षष्ठी तिथि एक विशेष खगोलीय अवसर है। जिस समय धरती के दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य रहता है और दक्षिणायन के सूर्य की अल्ट्रावॉइलट किरणें धरती पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं। इन दूषित किरणों का सीधा प्रभाव जनसाधारण की आंखों, पेट, त्वचा आदि पर पड़ता है। इस पर्व के पालन से सूर्य प्रकाश की इन पराबैंगनी किरणों से जनसाधारण को हानि न पहुंचे। इस अभिप्राय से सूर्य पूजा का गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। इसके साथ ही घर-परिवार की सुख- समृद्धि और आरोग्यता से भी छठ पूजा का व्रत जुड़ा हुआ है। इस व्रत का मुख्य उद्देश्य पति, पत्नी, पुत्र, पौत्र सहित सभी परिजनों के लिए मंगल कामना से भी जुड़ा हुआ है। छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है। रामायण काल में सीता ने गंगा तट पर छठ पूजा की थी। महाभारत काल में कुंती ने भी सरस्वती नदी के तट पर सूर्य पूजा की थी। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें पांडवों जैसे पुत्रों का सुख मिला था। द्रौपदी ने भी हस्तिनापुर से निकलकर गढ़ गंगा में छठ पूजा की थी। छठ पूजा का सम्बंध हठयोग से भी है। जिसमें बिना भोजन ग्रहण किए हुए लगातार पानी में खड़ा रहना पड़ता है। जिससे शरीर के अशुद्ध जीवाणु परास्त हो जाते हैं।

लोक परम्परा के मुताबिक सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है। इसलिए छठ के मौके पर सूर्य की आराधना फलदायी मानी गई। छठ पूजा अथवा छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। छठ से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं और लोक गाथाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि भारत के आदिकालीन सूर्यवंशी राजाओं का यह मुख्य पर्व था। छठ के साथ स्कंद पूजा की भी परम्परा जुड़ी है। भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कंद की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा रक्षा की थी। इसी कारण स्कंद के छह मुख हैं और उन्हें कार्तिकेय नाम से पुकारा जाने लगा। कार्तिक से संबंध होने के कारण षष्ठी देवी को स्कंद की पत्नी देवसेना नाम से भी पूजा जाने लगा। एक मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरूआत महाभारत काल में हुई थी। जिसकी शुरूआत सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके की थी। कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। छठ पर्व के बारे मे एक कथा और भी है। इस कथा के मुताबिक जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए तब दौपदी ने छठ व्रत रखा था। इस व्रत से उनकी मनोकामना पूरी हुई थी और पांडवों को अपना राजपाट वापस मिल गया था। महापर्व छठ हिंदू धर्म में एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयाचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। मान्यता है कि छठ देवी सूर्य देव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की अराधना की जाती है। पर्व का प्रारंभ नहाय-खाय से होता है, जिस दिन व्रती स्नान कर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी का भोजन करते हैं। नहाय-खाय के दूसरे दिन यानी कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी के दिनभर व्रती उपवास कर शाम में रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस पूजा को खरना कहा जाता है। इसके अगले दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को उपवास रखकर शाम को अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इसके अगले दिन यानी सप्तमी तिथि को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करके व्रत तोड़ा जाता है। छठ पूजा के व्रत को जो भी रखता है। वह इन दिनों में जल भी नही ग्रहण करता है। इस व्रत को करने से सुख-समृद्धि और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस पूजा वैसे तो मुख्य रुप से सूर्य देवता की पूजा की जाती है। लेकिन साथ ही सूर्य देव की बहन छठ देवी की भी पूजा की जाती है। जिसके कारण इस पूजा का नाम छठ पूजा पड़ा। इस दिन नदी के तट में पहुंचकर पुरुष और महिलाएं पूजा-पाठ करते है। साथ ही छठ माता की पूजा को आपके संतान के लिए भी कल्याणकारी होती है।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

# रणभेरी थी जय हिन्द! द्रमुक ने उसे अमान्य कर डाला

**के. विक्रम राव**

**शब्द** जय हिंद न असंगत है, न बेढब है, बल्कि एक देशभक्त अभिव्यक्ति है। यह सरल सत्य मदुराई हाईकोर्ट (याचिका नं. : 433/2017) को गत सोमवार (6 नवंबर 2023) को बताना पड़ा। वर्ना सनातन धर्म की अवधारणा की भांति, नारा जय हिंद को भी एमके स्टालिन की द्रमुक सरकार ने अनुचित और प्रसंगहीन करार दिया था। मामले की शुरूआत बड़ी सरल रही। तमिलनाडु राज्य लोक सेवा आयोग ने डिप्टी कलेक्टर की परीक्षा आयोजित की। एक युवती सुश्री एम. कल्पना के परीक्षापत्र में भारत के प्राकृतिक संसाधनों के महत्व और संरक्षण पर एक आलेख लिखना था। विस्तृत लेख के अंत में परीक्षार्थी ने यह भी लिखा : हम प्रकृति से सामंजस्य बना कर रखें, जय हिंद। इसे लोक सेवा आयोग के परीक्षक ने असंगत और अप्रासंगिक कह कर उसके नंबर काट लिए। फेल कर दिया। कल्पना को सूचना के अधिकार के तहत मांगे गए जवाब पर ज्ञात हुआ कि उसे 160 नंबर दिए गए, जबकि 190 नंबर मिलना था। चेन्नई-स्थित लोक सेवा आयोग के सचिव के विरुद्ध कल्पना ने मद्रास हाईकोर्ट के मदुराई खंडपीठ के समक्ष याचिका दायर की। कोर्ट से प्रार्थना की थी कि जय हिंद शब्द अमान्य नहीं हो सकता। यह राष्ट्रवादी उच्चारण है। कल्पना के वकील जी. कार्तिक ने न्यायमूर्ति बट्टू देवानंद से आग्रह किया कि जय हिंद और प्रकृति से सामंजस्य बनाने की बात न बेढब है, न प्रसंगहीन। उसने सर्वोच्च न्यायालय के एक निर्णय (5878/2014) का संदर्भ भी दिया। उसमें न्यायमूर्ति-द्वय दीपक मिश्रा और अनिल दुबे ने (27 अगस्त 2014 को) एक फैसले में निर्दिष्ट किया था कि यदि परीक्षार्थी की पहचान उसकी उत्तर पुस्तिका से पता चले तो परिणाम निरस्त हो सकता है। अपनी याचिका में कल्पना की मांग थी कि उसने राष्ट्र के प्राकृतिक संसाधनों के परिक्षण के समर्थन में लिखा था। अंत में अनुरोध भी किया था : हम सब प्रकृति के साथ रहे जय हिंद। तो इसमें अवैध बात कहां है ? न्यायमूर्ति बट्टू देवानंद ने इस तर्क को स्वीकारा और लोक सेवा आयोग को आदेश किया कि परीक्षार्थी कल्पना का पीसीएस में चयन कर लें। इस पूरे प्रकरण से जनित विवाद से तमिलनाडु में आमचर्चा शुरू हो गई कि क्या पवित्र राष्ट्रवादी सूत्र जय हिंद भी अब द्रमुक सरकार को खटक रहीं है ? न्यायालय ने उम्मीदवार के उत्तरपत्र को अमान्य करने के अपने फैसले को वापस लेने और उसके निबंध का मूल्यांकन करने का निर्देश दिया आयोग को।




जस्टिस बट्टू देवानन्द

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन

भारत के स्वाधीनता संघर्ष का इतिहास साक्षी है कि जय हिंद आम हिंदुस्तानी के लिए एक गहरी भावनात्मक अभिव्यक्ति है। इसके सामान्य अर्थ हैं भारत की विजय। नेताजी सुभाष बोस के आजाद हिंद फौज का यह युद्धघोष था। मशहूर मलयालमभाषी चंपकरामण पिल्लई ने 1907 में इसे रचा था। वियना (आस्ट्रिया) में पिल्लई की नेताजी से भेंट हुई थी। तब जय हिन्द से उनका अभिवादन किया। पहली बार सुने ये शब्द नेताजी को प्रभावित कर गए। इधर नेताजी आजाद हिन्द फौज की स्थापना करना चाहते थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने जिन ब्रिटिश सैनिको को कैद किया था, उनमें भारतीय सैनिक भी थे। जर्मन की कैदियों की 1941 में छावणी में नेताजी ने इन्हे सम्बोधित किया तथा अंग्रेजो का पक्ष छोड़ आजाद हिन्द फौज में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। यह समाचार अखबारों में छपा तो जर्मन में रह रहे भारतीय विद्यार्थी जैनुल आबिद हुसैन ने अपनी पढ़ाई छोड़ नेताजी के सचिव का पद सम्भाल लिया। आजाद हिन्द फौज के सैनिक आपस में अभिवादन किस भारतीय शब्द से करे यह प्रश्न सामने आया। तब हुसैन नेजय हिन्द का सुझाव दिया।

उसके बाद 2 नवम्बर 1941 को जय-हिन्द आजाद हिंद फौज का युद्धघोष बन गया। फिर 15 अगस्त 1947 को नेहरूजी ने आजादी के बाद, लाल किले से अपने पहले भाषण का समापन, जय हिन्द से किया। डाकघरों को सूचना भेजी गई कि नए डाक टिकट आने तक, डाक टिकट चाहे अंग्रेज राजा जार्ज की ही मुखाकृति की उपयोग में आये लेकिन उस पर मुहर जय हिन्द की लगाई जाये। यह 31 दिसम्बर 1947 तक यही मुहर चलती रही। केवल जोधपुर के गिदीकोट डाकघर ने इसका उपयोग नवम्बर 1955 तक जारी रखा। आजाद भारत की पहली डाक टिकट पर भी जय हिन्द लिखा हुआ था।

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान, जय हिंद का नारा क्षेत्रीय, भाषाई और सांस्कृतिक मतभेदों से परे एक एकीकृत शक्ति के रूप में उभरा। जय हिंद केवल एक नारा नहीं था; यह दमनकारी ब्रिटिश शासन के खिलाफ अवज्ञा का प्रतीक था। इन दो शब्दों के उच्चारण से ही ब्रिटिश अधिकारियों को एक शक्तिशाली संदेश गया कि भारतीय लोग अपनी स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए दृढ़ और तैयार हैं।

लेजेंड्स ऑफ हैदराबाद नाम की अपनी किताब में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी नरेन्द्र लूथर ने कई दिलचस्प किस्से और लेख लिखे हैं जो अपने रूमानी मूल और मिश्रित संस्कृति के लिए प्रसिद्ध इस शहर से जुड़े दस्तावेजी साक्ष्यों, साक्षात्कारों और निजी अनुभवों पर आधारित हैं। इनमें से एक कहानी जय हिंद नारे की उत्पत्ति से जुड़ी है जो बहुत दिलचस्प है। लेखक के अनुसार यह नारा हैदराबाद के एक कलेक्टर के बेटे जैनुल अबिदीन हसन ने दिया था। वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के लिए जर्मनी गए थे। लूथर के अनुसार दूसरे विश्वयुद्ध के समय नेताजी भारत को आजाद कराने को लेकर सशस्त्र संघर्ष के लिए समर्थन जुटाने जर्मनी चले गए थे।

# गाय की पूजा को समर्पित है गोपाष्टमी पर्व

**बाल मुकुन्द ओझा**

**देश में हर** साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टी का त्योहार मनाए जाने की परंपरा है। इस साल गोपाष्टमी 20 नवंबर को है। हिन्दू धर्म में गाय को पूजनीय मानकर माता का दर्जा दिया जाता है, क्योंकि गाय को छत्तीस कोटि देवी-देवताओं का वास माना जाता है। इस अवसर पर गौ माता की पूजा और सेवा करने का सनातनी विधान है। बताया जाता है कि भगवान श्री कृष्ण ने गोपाष्टमी पर ही गौ-चारण यानी गायों को चराना शुरू किया था। चूंकि श्रीकृष्ण स्वंय गायों की सेवा करते थे, इसलिए इस दिन गौ सेवा का विशेष महत्व बताया गया है। इस गोपाष्टमी के दिन गाय या गाय के बछड़े को हरा चारा खिलाना बहुत ही शुभ माना जाता है। ऐसा कहते हैं कि इस दिन गाय को हरा चारा खिलाने से दांपत्य जीवन में खुशहाली आती है।

यह त्योहार भगवान श्रीकृष्ण और गायों को समर्पित है। यह मथुरा, वृंदावन और अन्य ब्रज क्षेत्रों में गोपाष्टमी प्रसिद्ध त्योहार है। इस दिन गायों को उनके बछड़े के साथ सजाने और पूजा करने की परंपरा है। आज के दिन श्रीकृष्ण के पिता नंद महाराज ने श्रीकृष्ण को गायों की देखभाल की जिम्मेदारी दी थी और श्रीकृष्ण गायों को चराने वन ले गये थे। गोपाष्टमी पर प्रातः काल में ही धूप-दीप अक्षत, रोली, गुड़, आदि वस्त्र तथा जल से गाय का पूजन किया जाता है और आरती उतारी जाती है। इस दिन कई व्यक्ति ग्वालों को उपहार आदि देकर उनका भी पूजन करते हैं। गायों को खूब सजाया जाता है। इसके बाद गाय को चारा आदि डालकर परिक्रमा करते हैं। परिक्रमा करने के बाद कुछ दूर तक गायों के साथ चलते हैं। ऐसी आस्था है कि गोपाष्टमी के दिन गाय के नीचे से निकलने वालों को बड़ा ही पुण्य मिलता है।

गोपालन भारतीय संस्कृति का हिस्सा हैं। गाय को माता रूप में पूजने और उसके पालन में आमजन के साथ कई संस्थाएं भी लगी हैं जो देशभर में गौशालाएं संचालित करती है। महंगाई के जमाने में गोपालन के प्रति लोगों का मोह भंग सा हो चला था, लेकिन कोरोना काल के बाद देसी नस्ल की गाय के दूध और दुग्ध से बने उत्पादों की मांग फिर से बढ़ी है। मिलावटी खानपान से बचने और इम्युनिटी बढ़ाने के लिए शुद्ध दूध,छाछ, दही, घी आदि को लोग प्राथमिकता दे रहे हैं चाहे ये उत्पाद बाजार भाव से भले ही चार गुणा में ही क्यों ना उपलब्ध हो।

गाय का दूध, गाय का घी, दही, छांछ यहाँ तक की मूत्र भी मनुष्य जाति के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं। गोपाष्टमी त्यौहार हमें बताता हैं कि हम सभी अपने पालन के लिये गाय पर निर्भर करते हैं इसलिए वो हमारे लिए पूज्यनीय हैं। और हिन्दू संस्कृति, गाय को माँ का दर्जा देती हैं।

एक पौराणिक कथा अनुसार बालक कृष्ण ने माँ यशोदा से गायों की सेवा करनी की इच्छा व्यक्त की कृष्ण कहते हैं कि माँ मुझे गाय चराने की अनुमति मिलनी चाहिए। उनके कहने पर शांडिल्य ऋषि द्वारा अच्छा समय देखकर उन्हें भी गाय चराने ले जाने दिया जो समय निकाला गया वह गोपाष्टमी का शुभ दिन था बलक कृष्ण ने गायों की पूजा करते हैं, प्रदक्षिणा करते हुए साष्टांग प्रणाम करते हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि एवं पशुपालन का विशेष महत्व है। सकल घरेलू कृषि उत्पाद में पशुपालन का 28-30 प्रतिशत का योगदान सराहनीय है जिसमें दुग्ध एक ऐसा उत्पाद है जिसका योगदान सर्वाधिक है। भारत में विश्व की कुल संख्या का 15 प्रतिशत गायें है और देश के कुल दुग्ध उत्पादन का 43 प्रतिशत गायों से प्राप्त होता है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग 19.91 करोड़ गायें है। गौसेवा हमारे देश की प्राचीन संस्कृति है। यह संस्कृति ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में भी सहायक होती है। परन्तु वर्तमान समय में हमारी यह संस्कृति धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। गाय कलियुग में संजीवनी स्वरूपा है, गाय मानव जीवन में माता की भूमिका का

# बच्चों से जुड़े मुद्दों का हो समाधान

**योगेश कुमार गोयल**

**बाल** दिवस केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में मनाया जाता है। भारत में बाल दिवस प्रतिवर्ष 14 नवंबर को मनाया जाता है लेकिन बच्चों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 191 देशों में मनाया जाता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। जनवरी से लेकर दिसंबर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली 1953 में।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवंबर 1954 को विश्व बाल दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जिनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्टूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वीके कृष्णमेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। आइए देखते हैं कि दुनियाभर में किन देशों द्वारा कब बाल दिवस मनाया जाता है। जनवरी के पहले शुक्रवार को बहामास में, 11 जनवरी को ट्यूनिशिया, जनवरी के दूसरे शनिवार को थाईलैंड, फरवरी के दूसरे रविवार कुक द्वीप समूह, नाउरू, निउए, टोकेलौ तथा केमन द्वीप समूह में, 13 फरवरी को म्यांमार, मार्च के पहले रविवार को न्यूजीलैंड, 8 अक्टूबर को ईरान, 12 अक्टूबर को ब्राजील, अक्टूबर के चौथे शनिवार को मलेशिया, अक्टूबर के चौथे रविवार को आस्ट्रेलिया, नवंबर के पहले शनिवार को दक्षिण अफ्रीका, 20 नवंबर को अजरबैजान, कनाडा, साइप्रस, मिस्र, इथियोपिया, फिनलैंड, फ्रांस, यूनान, आयरलैंड, इजराइल, केन्या, मैसिडोनिया, नीदरलैंड, फिलीपींस, सर्बिया, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, त्रिनिदाद व टोबेगो, 5 दिसंबर को सूरीनाम, 23 5 दिसंबर को सूडान तथा 25 दिसंबर को कांगो गणराज्य, कैमरून तथा भूमध्यरेखीय गिनी में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है।

# गरीब बस्तियां उजाडी, सड़क 144 खोलने में गुरेज ?

## दौलतमन्दों के अवैध कब्जों पर चले पीला पंजा, प्रशासन की नाकामी की बानगी नहीं तो और क्या है ?

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में, तुम तरस नहीं खाते बस्तियां उजाडने में- बशीर बद्र का ये शेर इन दिनों जिला प्रशासन पर माकूल बैठता है। जिला प्रशासन ने शहर में 50-60 साल से बस स्टैण्ड व पुरानी कोतवाली तथा जिला पंचायत के सामने रहने वाले लोगों को तो उजाड दिया है, लेकिन शहर के हृदय स्थल बस स्टैण्ड पर सडक व कुआ नम्बर 144 को नहीं खुलवा रहा, क्योंकि सडक व कुआ पर दौलतमन्द लोग अवैध ढंग से कब्जा किये हैं।

रविवार को शहर के तमाम लोगों ने बातचीत में कहा कि जिला प्रशासन ने गरीबों की बस्तियां उजाडने में कोई मुरव्वत नहीं की, जबकि मराठा कालीन कोतवाली में 50-60 साल से लोग आबाद थे। यहां तक कि लोगों के पास हाईकोर्ट के भी कागजात थे, लेकिन थे तो सभी अवैध ढंग से काबिज। इसी तरह से बस स्टैण्ड से कोठी तालाब जाने वाले रास्ते पर भी तमाम गरीबों की झोपडियां थीं और जिला पंचायत के सामने भी तमाम गरीब तबके के लोग आबाद थे। ये सभी लम्बे समय से झोपडियां बनाकर रहते रहे हैं। ये सब भी अवैध ढंग से झोपडियां बनाकर रहते थे।


सरकारी सडक का नक्शा व अवैध कब्जे।

सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हर हाल में हटने चाहिए, लोगों का कहना है कि अवैध कब्जे हटाने में भेदभाव भी नहीं होना चाहिए। इसी बात के सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी कडे निर्देश हैं कि सरकारी जमीनों पर चाहे जो भी कब्जा किये हों, हर हाल में हटाये। यहां जिला प्रशासन पूरी तरह से भेदभाव पूर्ण ढंग से सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटा रहा है। बस स्टैण्ड में सरकारी सडक 144 व कुआ पर तीन लोग अवैध ढंग से कब्जाकर हाईवे से सटी दुकानें बनाकर दसों लाख रुपये साल में उगाही कर रहे हैं। ऐसे लोगों को बेदखल करने को प्रशासन आगे नहीं आ रहा। इस सडक का नक्शा व खतौनी की भी पक्की नकल मौजूद है। लोगों ने कहा कि गरीबों की बस्तियां उजाडने की भांति दौलतमन्दों के भी अवैध कब्जे पर पीला पंजा चलना चाहिए। ऐसा नहीं होता तो ये प्रशासन की नाकामी की बानगी नहीं तो और क्या है?

# इन्दिरा के बताये मार्ग पर चलें कांग्रेसी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में भारत रत्न/ पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि भारत की प्रथम महिला आयरन लेडी प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश को आगे ले जाने का काम किया। पाकिस्तान के टुकड़े कर बांग्लादेश बनाया। देश की एकता व अखंडता को हमेशा काम किया है।

रविवार को देश की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी की जयंती पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज जिस ढंग से देश में संविधान लोकतंत्र खतरे में है। सभी कांग्रेसी संकल्प लें इन्दिरा के बताये मार्ग पर चलकर संविधान व लोकतंत्र की रक्षा को संघर्ष करें। कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत करने को काम करें।


इन्दिरा की जयंती मनाते कांग्रेसी।

इस मौके पर कांग्रेसी महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, शिव गुलाम वर्मा, राज नारायण निषाद, चुनबाद प्रसाद, रघुवर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# वन संरक्षक स्तर के अधिकारी की हो तैनाती: द्विवेदी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय जनता मजदूर टेड्स यूनियन के प्रदेश महामंत्री चन्द्रमोहन द्विवेदी ने सूबे के मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि रानीपुर टाइगर रिजर्व में उप निदेशक/ फील्ड डायरेक्टर तैनात किये जायें।

रविवार को भारतीय जनता मजदूर टेड्स यूनियन के प्रदेश महामंत्री चन्द्रमोहन द्विवेदी ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि भगवान श्रीराम की तपस्थली के सुन्दरीकरण को नवम्बर 2022 में चित्रकूट वन प्रभाग को रानीपुर टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है। इस क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि किसी भी पद पर स्थायी रूप से भारतीय वन सेवा के अधिकारियों की तैनाती न होने से रानीपुर टाइगर रिजर्व का विकास अधूरा सा है। जब


प्रदेश महामंत्री चन्द्रमोहन द्विवेदी।

यहां उप निदेशक/प्रभागीय वनाधिकारी की तैनाती हुई है तो प्रान्तीय वन सेवा के सहायक वन संरक्षकों को प्रभारी के रूप में तैनात किया है, जिन्होंने टाइगर रिजर्व के विकास की जगह अपना विकास किया है। ऐसी दशा में रानीपुर टाइगर रिजर्व में मौजूदा समय में रिक्त पदों के समकक्ष अधिकारियों की तैनाती होती है तो रानीपुर टाइगर रिजर्व का विकास संभव होगा। पर्यटकों की संख्या में भी बढोत्तरी होगी। उन्होंने कहा कि फील्ड डायरेक्टर भारतीय वन सेवा के वन संरक्षक स्तर के अधिकारी की तैनाती स्थाई तौर पर की जाये। उप निदेशक/प्रभागीय वनाधिकारी भारतीय वन सेवा के उप वन संरक्षक स्तर के अधिकारी की इस पद पर तैनाती करना जरूरी है। उप प्रभागीय वनाधिकारी कर्वी इस सेवा पर प्रान्तीय वन सेवा के सहायक वन संरक्षक की तैनाती राजकीय हित में होगा। वन्य जीव प्रतिपालक रानीपुर पशु विहार इस पद पर प्रान्तीय वन सेवा के सहायक वन संरक्षक की तैनाती की जाये। उन्होंने इन मांगों पर प्रमुख सचिव मंत्री वन एवं जन्तु उद्यान व प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा विभागाध्यक्ष से तैनाती करने की मांग की है। राजकीय हित एवं चित्रकूट जैसी धर्मस्थली के विकास को वन्य जीवों की सुरक्षा के मद्देनजर इन मांगों पर कार्यवाही करना न्याय हित में होगा।

# किसानों को मिलेगी पर्याप्त खाद: योगेश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डीसीएफ अध्यक्ष योगेश जैन ने कहा कि किसानों को जरूरत अनुसार पर्याप्त खाद मिलेगी। जिले में पिछले वर्षों की अपेक्षा रासायनिक खाद ज्यादा मात्रा में वितरण की व्यवस्था के चलते अक्टूबर में डीएपी आठ सौ टन ज्यादा वितरित करते हुए मौजूदा समय में दस हजार के लक्ष्य को भी पूरा करने में सहकारिता विभाग के विभिन्न घटक आ चुके हैं। रविवार को डीसीएफ अध्यक्ष योगेश जैन ने बताया इस वर्ष अभी तक इफको ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजवीर सिंह ने सात हजार टन डीएपी का वितरण कर चुके हैं। समितियों में 50 टन खाद उपलब्ध है। एक रैक 1084 टन आने से जो शेष है, उन्हें भी खाद बुवाई के समय उपलब्ध हो जाएगी। जो किसान अभी पलावा कर रहे हैं, उन्हें भी खाद मंगाकर दी जायेगी। खाद की


डीसीएफ अध्यक्ष योगेश जैन।

कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग ने सहायक निबंध सहकारिता आरके शुक्ला इस बार खाद पिछले लक्ष्य अनुसार ज्यादा बढ़ चुकी है। जहां आवश्यकता है, वहां भेजी जा रही है। डीसीएफ अध्यक्ष योगेश जैन ने बताया इस बार बोरी में खाद कम निकलने एवं ज्यादा मूल्य लेने की कहीं शिकायत नहीं है। न ही इस बार मिलावट की शिकायत मिल रही है। मिलावट होने पर कार्रवाई की जायेगी। सरकार किसानों के हित को हमेशा तैयार है। 23 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 60 स्थानों पर किसानों के कार्यक्रम होंगे। ड्रोन से किसानों के खेतों में नैनो यूरिया डीएपी के छिड़काव का प्रदर्शन होगा। प्रयास हैं कि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो।

# पुलिस ने साइकिल समेत चोर दबोचा


पुलिस गिरफ्त में साइकिल चोर।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चैकी सीतापुर पुलिस ने चोरी की साइकिल समेत एक चोर दबोचा है। ज्ञात है कि 17 नवम्बर को कोतवाली कर्वी तरौंहा के तीरथ कुमार वर्मा पुत्र भैरों प्रसाद वर्मा ने कोतवाली में तहरीर दी कि रामगोपाल यादव पुत्र रामभवन यादव निवासी यादव पुरवा सीतापुर उसकी एटलस साइकिल चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्जकर चैकी सीतापुर के दरोगा मुन्नीलाल को विवेचना सौंपी। दरोगा मुन्नीलाल ने रामगोपाल यादव को चोरी की साइकिल समेत गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से साइकिल बरामद कर धारायें बढाई। टीम में दरोगा मुन्नीलाल व सिपाही अतुल परिहार शामिल रहे।

# पुलिस ने दबोचा वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा इमरान खान ने सिपाही अजीजुद्दीन के साथ खनिज अधिनियम के वारंटी अख्तर खान पुत्र गफ्फार खान निवासी गोंडा रौली कल्याणपुर को गिरफ्तार किया है।

# तीन के कब्जे से 80 क्वार्टर देशी शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 80 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। रविवार को सरधुवा थाने के दरोगा राजेश राय व दरोगा शिवमणि मिश्रा ने दीवान अरविन्द सोनी के साथ शिवमोहन पुत्र बदलुवा निवासी चिल्लीमल के कब्जे से 44 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। इसी क्रम में मारकुण्डी थाने के दरोगा प्रभाशंकर सचान ने सिपाही शिवम द्विवेदी के साथ दिनेश यादव पुत्र छत्रपाल यादव निवासी कुरमानतला थाना मझगवां जिला सतना मप्र के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा इमरान खान ने सिपाही शिवम मिश्रा व भास्कर शुक्ला के साथ रमापति पुत्र स्व लक्ष्मी प्रसाद निवासी पतौड़ा को 21 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# भाई को ले जाने वाले पर पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के सरैया चैकी के गढचपा गांव के ददुल पुत्र स्व फूलचंद ने गांव के ही उदयभान पुत्र स्व मंगली कुमार मजरा भौठी पर आरोप लगाया कि उसके भाई को वह तीन वर्ष पहले ईंट-भट्टा में काम करने के नाम पर गांव से ले गया था। अब तक उसके भाई घर का पता नहीं चल रहा। रविवार को गढचपा गांव के ददुल ने बताया कि गांव का उदयभान उसके भाई को तीन वर्ष पहले ईंट-भट्टा में काम करने के नाम पर गांव से ले गया था। उसका भाई अब तक घर नहीं पहुंचा। मजदूरी के बदले भाई को तीन वर्षों में दो कुंतल गेंहू दिया है। पीडित ददुल ने भाई राजकरन की बाबत जब उससे बात की तो उदयभान ने बताया कि उसे पांच साल को ईंट-भट्टा में जमा कर दिया है। पीडित ने मानिकपुर थाने के चैकी सरैया में तहरीर दी है। पीडित ने बताया कि उसकी तहरीर पर चैकी प्रभारी ने कोई संज्ञान नहीं लिया। पीडित ने कहा कि परिवार के लोग बेबस हैं। अनुसूचित जाति के लोगों की सुनवाई नहीं हो रही। ईंट-भट्ठा मालिक भाई को कोई मजदूरी नहीं दे रहा। काम करने वाला भाई, मां व घर के सदस्य दिमागी रुप से कमजोर हैं।

# जायसवाल-शिवहरे समाज ने शोभा यात्रा में दिखाई एकजुटता

## 51 को किया शिवहरे रत्न से सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जायसवाल शिवहरे समाज के सर्ववर्गीय एकता व स्वाभिमान जनित शोभा यात्रा में कुल देवता भगवान सहस्त्रबाहु के जन्मोत्सव पर नगर के मुख्य मार्गो से शोभा यात्रा में समाज के बंधुओं ने पुष्प वर्षा कर उत्साह वर्धन किया।

रविवार को समाज के 51 बंधुओं को स्वजातीय रत्न से सम्मानित किया। प्रबुद्ध सम्मेलन का शुभारंभ गंगा प्रसाद संयोग सभागार में अतिथियों ने दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि भारतीय कल्चुरी जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम राय ने कहा कि ऐसा नहीं है कि वे संख्या बल, धन, बल व शक्ति बल में पिछड़े हैं, बेशक ये सही है कि संकल्प व शक्ति को समय-समय पर पवनपुत्र की भांति जामवंत की जरूरत पड़ जाती है। ये कार्यक्रम एकता की दिशा में निर्णायक कदम होगा।

विशिष्ट अतिथि युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजितेश जायसवाल ने कहा कि समाज हजारों साल की साधना का फल है। जातीय उद्भव व विकास के क्रम को पार करते हुए वर्तमान कलेवर को प्राप्त किया है। इतिहास अतीत का सुनहरा कल है।


सहास्त्रबाहु पर फूल चढाते मुख्य अतिथि।

भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की संतान कल्चुरी राजवंश के संस्थापक हैं। वंशीय कलवार या समाज के समूह घटक हैं। बेशक ये यात्रा सोमवंशी, चंद्रवंशी, यदुवंशी कलवार समाज की शाखाओं के प्रतिनिधि हैं। वर्तमान में एकजुट होने की जरूरत है। युवा भाजपा नेता गौरव शिवहरे ने कहा कि चित्रकूट युवा मंच के समर्पित कार्यकर्ता अपनी ऊर्जा को वर्गो, उपवर्गो में बांटकर क्षीण न करें, बल्कि ऊर्जा को सागठनिक विकास में लगायें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एमपी जायसवाल ने कहा कि समाज की एकता इन्ही मंजिलों से सबकुछ पा लेंगे। राजनैतिक क्षेत्र में भी आगे बढ़ते रहेंगे। अतिथियों का स्वागत आभार युवा मंच के अध्यक्ष अर्पित जायसवाल, उमेश जायसवाल, भगवानदीन जायसवाल ने जताया। भोजन व्यवस्था में समाज के युवा समाजसेवी सुनील जायसवाल, महेश जायसवाल टीम के साथ सेवा में लगे रहे। संचालन नरेंद्र जायसवाल, नमन जायसवाल ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव भगवानदीन शिवहरे, गौरेंद्र शिवहर, रघुनाथ प्रसाद जायसवाल, विनीता शिवहरे, जानकी शरण शिवहरे, पारस रानी, ऋतिक जायसवाल, अशोक जायसवाल, अरविन्द शिवहरे, श्रीमती विनीता शिवहरे, जितेंद्र जायसवाल, श्रीप्रकाश आर्य, सुनील जायसवाल, गणेश जायसवाल, शैलेंद्र शिवहरे, संजय जायसवाल, रोहित जायसवाल, डॉ प्रदीप जायसवाल आदि मौजूद रहे।


सफाई करते समिति के लोग।

# कामतानाथ पर्वत को रखें साफ-सुथरा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति के 92वां अभियान में ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छता अच्छी आदत है, ये जीवन की गुणवत्ता बढाती है।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने कहा कि प्रत्येक अमावस्या पर्व में लाखों की भीड़ कामतानाथ आती है। लोगों की मनोकामनायें पूरी होती हैं। भगवान कामतानाथ में श्रद्धालु बदले में कचरे का भंडार छोड़ जाते हैं। उन्होंने कामतानाथ परिक्रमा करने वालों से कहा कि पर्वत की ओर कचरा न फेकें। लगातार कामदगिरि स्वच्छता समिति के प्रयास हैं कि कामतानाथ पर्वत साफ- स्वच्छ रहे। आम जनता से अपील है कि सभी लोग सहयोग करें। खाद एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि साफ-सफाई जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने बताया कि परिक्रमा करने दौरान प्लास्टिक से बनी चीजों का प्रयोग न करें। पर्वत को साफ-स्वच्छ रखने में योगदान दें। इस मौके पर वार्ड मेम्बर शुभम केसरवानी, जितेंद्र केसरवानी, अंकुर केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, राजेश शिवहरे, मनोज कुमार, विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा व नगर पालिका की टीम मौजूद रही।

# रानी लक्ष्मीबाई की 195 जयंती पर बुंदेली सेना ने खूब लड़ी मदार्नी के लगाये नारे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की 195 जयंती बुंदेली सेना ने शहीद पार्क में मनाई। रानी झांसी के चित्र पर माल्यार्पण कर कैंडिल जलाई। उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। खूब लड़ी मदार्नी वह तो झांसी वाली रानी थी के जयघोष लगाए।

रविवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई बुंदेलखंड के शौर्य व पराक्रम की प्रतीक हैं। बुंदेलखंड का इतिहास गौरवशाली है। रानी झांसी की शौर्य गाथाएं आज


लक्ष्मीबाई की जयंती मनाती बुन्देली सेना।

भी यहां गूंजती हैं। महामंत्री श्याम गुप्ता ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई की 195 जयंती मनाते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है। सभी को घरों में लक्ष्मीबाई की फोटो लगानी चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी बुंदेलों के शौर्य से अपरिचित न रहे। महामंत्री जानकीशरण गुप्ता व वीपी पटेल ने कहा कि युद्ध की समाप्ति पर अंग्रेज कमांडर ने भी रानी की वीरता को नमन किया था। मदार्नी कहकर पुकारा था। कर्वी माफी प्रधान बद्री सिंह पटेल ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई की जयंती प्रतिवर्ष स्कूल-कॉलेजों व सरकारी संस्थानों में धूमधाम से मनाई जानी चाहिए। इस मौके पर विनोद सिंह, सुरेंद्र सिंह, अतुल सिंह, जानकीशरण, राजकरण सिंह, कामता रैकवार, श्रीपाल सिंह, राज मिश्रा, बलबीर सिंह, अनंत सिंह, बीडीसी रामनाथ वर्मा, राजबहादुर, रौनक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# डा अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** युवा एवं बाल विकास समिति के तहत भारतीय बौद्ध महासभा ने डा भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा आज करवाई। रविवार को पूर्वान्ह 11 से 12.30 तक जिले के पांच केन्द्रों राजकीय अभिनव इन्टर कालेज सरधुवा, गंगा प्रसाद जनसेवा इन्टर कॉलेज कर्वी, पालेश्वर नाथ इंटर कालेज पहाड़ी, उच्च प्राथमिक विद्यालय पंडरी व उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप में परीक्षा हुई। केन्द्र व्यवस्थापक अजय कुमार त्यागी राजकीय अभिनव इन्टर कालेज सरधुवा में रामबाबू वर्मा, गंगा प्रसाद जनसेवा


परीक्षा सम्पन्न कराते गया प्रसाद बौद्ध आदि।

इन्टर कालेज कर्वी में आलोक कुमार बौद्ध, पालेश्वर नाथ इन्टर कालेज पहाड़ी में सन्तोष कुमार सिंह पटेल उच्च प्राथमिक पंडरी में मुन्नी लाल शाक्य उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप में सम्पन्न कराई। जिले में जूनियर वर्ग में 275 व सीनियर वर्ग में 149 कुल 424 छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता के फार्म भरे थे। जिनमें 376 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, 48 छात्र गैरहाजिर रहे। पेपर बंडल खोलने को बतौर मुख्य अतिथि इं गिरीश माहौर, पर्यवेक्षक ज्ञानचंद बौद्ध अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, कक्ष निरीक्षक बालगोबिन्द, रुबी गौतम, रामकरण, जाहर सिंह, विनोद कुमार, कपिल गौतम, कुद्दू राम, दयाशंकर, संजय कुमार, इं रविन्द्र कुमार सिंह, आनन्द कुमार, आलोक कुमार वर्मा, राम लखन, बाबूराम सिंह आदि ने परीक्षा सम्पन्न कराने में सहयोग किया। प्रदेश में सीनियर वर्ग में प्रथम 10000, द्वितीय 9000 एवं तृतीय 8000 पाने वाले छात्रों व दस छात्रो को 1500 सौ रुपए नगद धनराशि दी जाती है।

इसी तरह जूनियर वर्ग के छात्रों को प्रथम 9000, द्वितीय 8000, तृतीय 7000 व दस छात्रो को एक-एक हजार रुपये दिये जाते हैं। ये जानकारी परीक्षा प्रभारी/संगठन मंत्री गया प्रसाद बौद्ध ने दी।

# इजरायल-हमास के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका अब शांति समझौते पर काम कर रहा

**वॉशिंगटन**

इजरायल-हमास के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका अब शांति समझौते पर काम कर रहा है। व्हाइट हाउस ने बताया कि अमेरिका गाजा में बंधकों की सुरक्षित रिहाई के लिए एक समझौते पर काम कर रहा है।

इजरायल और हमास के बीच समझौता कराने में जुटा अमेरिका

व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा है कि गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करने के लिए अमेरिका, इजरायल और हमास के बीच समझौता कराने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। प्रवक्ता ने वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के जवाब में कहा कि हम



अभी तक किसी समझौते पर नहीं पहुंचे हैं, लेकिन इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

**रिपोर्ट में क्या ये दावा?**

रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल, अमेरिका और हमास ने एक संभावित समझौते पर सहमति जताई है, जिसमें गाजा में बंधक बनाए गए दर्जनों महिलाओं और बच्चों को लड़ाई में पांच दिनों के युद्धविराम के दौरान रिहा किया जा सकेगा।

रिपोर्ट में कुछ अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा गया है कि यह प्रक्रिया अगले कुछ दिनों में शुरू हो सकती है। इसमें कहा गया है कि गाजा में युद्ध छिड़ने के बाद पहली बार शांति देखने को मिल सकती है।

**युद्धविराम की घोषणा के बाद छोड़े जा सकते हैं लोग**

छह पन्नों के समझौते के अनुसार, युद्ध के सभी पक्ष कम से कम पांच दिनों के लिए युद्धविराम की घोषणा करेंगे। जिसके बाद शुरूआत दिनों में 50 या अधिक बंधकों को एक ग्रुप बनाकर प्रत्येक 24 घंटे में रिहा रिहा किया जाएगा। हालांकि, यह साफ नहीं है कि समझौते के तहत हमास की कैद में मौजूद 239 लोगों में से कितने लोगों को रिहा किया जाएगा।

**कतर ने निभाई मध्यस्थ की भूमिका**

द वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार, इजरायल, अमेरिका और हमास के बीच दोहा में कई हफ्तों की बातचीत चली है, जिसमें समझौते को लेकर एक रूपरेखा तैयार की गई है। अरब और अन्य राजनयिकों के अनुसार, इस बातचीत में कतर ने मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए इसका प्रतिनिधित्व किया था।

## सभी पार्टियों को पाक में 2024 का आम चुनाव लड़ने की अनुमति मिले', पीएमएल-एन नेता का बड़ा बयान

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता राणा सनाउल्लाह ने शनिवार को बड़ा बयान देते हुए कहा कि "सभी राजनीतिक दलों" को देश में 2024 के आम चुनाव लड़ने की अनुमति दी जानी चाहिए। दरअसल, इससे पहले राणा इमरान की पार्टी का चुनाव लड़ने का विरोध करते रहे हैं।

**लोग तय करेंगे किसे मिले सत्ता: राणा**

पीएमएल-एन नेता ने लाहौर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सभी राजनीतिक दल चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे। लोग तय करेंगे कि वे सत्ता में किसे चाहते हैं। जियो न्यूज के मुताबिक, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) बार-बार शिकायत कर रहे हैं कि उन्हें चुनावों से पहले समान अवसर नहीं दिया जा रहा है और उन्हें खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

**पीटीआई ने लगाया था आरोप**

पीटीआई ने पहले पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार पर समान अवसर देने से इनकार करने का आरोप लगाया था। चुनाव नजदीक आने के साथ, पीटीआई अध्यक्ष अदियाला जेल में सलाखों के पीछे हैं और पार्टी नेतृत्व का दावा है कि उन्हें पद के लिए चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं है।

**पीपीपी ने भी समान अवसर न देने की कही बात**

दूसरी ओर, पिछली पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में पीएमएल-एन की पूर्व सहयोगी पीपीपी ने भी समान अवसर देने से इनकार करने के लिए शरीफ की पार्टी को दोषी ठहराया। सनाउल्लाह ने पीपीपी पर पलटवार किया और पूछा कि क्या पीएमएल-एन के नेतृत्व के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करना एक "समान अवसर" है। सनाउल्लाह ने दावा किया कि उनकी पार्टी 2024 के चुनावों के दौरान पंजाब की कुल 141 में से लगभग 120 से 125 सीटें जीतेगी। उन्होंने आगे कहा कि पीएमएल-एन साधारण बहुमत के साथ केंद्र में अगली सरकार बनाएगी।

## आईएमएफ ने पाकिस्तान को दिया बड़ा झटका, विदेशी लोन को घटाकर किया 25 अरब डॉलर

**इस्लामाबाद**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इस वित्तीय वर्ष के लिए पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। आईएमएफ ने पाकिस्तान की विदेशी लोन की जरूरत को घटाकर 25 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार के हवाले से बताया कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इस वित्तीय वर्ष के लिए पाकिस्तान की विदेशी लोन की आवश्यकता को संशोधित कर 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर कर दिया है। क्टऋने इसमें 3.4 अरब अमेरिकी डॉलर की कटौती की है।

**अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने सरकार के आर्थिक पूवार्नुमानों को किया खारिज**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने सरकार के आर्थिक पूवार्नुमानों को खारिज करते हुए पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाकर केवल दो प्रतिशत कर दिया है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की एक रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई है।

**मुद्रास्फीति अनुमान को 22.8 प्रतिशत किया**

पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, आईएमएफ ने भी इस वित्त वर्ष के लिए पाकिस्तान के अपने मुद्रास्फीति अनुमान को 25.9 प्रतिशत से घटाकर 22.8 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ ने चालू खाता घाटा (सीएडी), आयात, आर्थिक वृद्धि, मुद्रास्फीति और सकल वित्तीय आवश्यकताओं के लिए वित्त मंत्रालय के अनुमानों को स्वीकार नहीं किया है।

**चार महीनों में छह अरब अमेरिकी डॉलर उधार ले चुकी है पाकिस्तान सरकार**

हालांकि, द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, इस वर्ष जुलाई के अनुमानों की तुलना में पहली समीक्षा वार्ता के दौरान इन सभी नंबरों को समायोजित किया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस साल जुलाई की तुलना में आईएमएफ ने चालू वित्त वर्ष के लिए विदेशी ऋण आवश्यकताओं को 28.4 अरब अमेरिकी डॉलर से घटाकर 25 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया है। सरकार पहले ही चार महीनों में छह अरब अमेरिकी डॉलर उधार ले चुकी है। वित्त मंत्रालय के प्रवक्ता कमर अब्बासी ने इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, सूत्रों ने कहा कि शेष जरूरतें लगभग 6.5 अरब अमेरिकी डॉलर की हैं और 12.5 अरब अमेरिकी डॉलर के कर्ज की कमी को पूरा करने का प्रयास किया गया है।

## इजरायल की बड़ी बमबारी, जान बचाने के लिए भागे शरणार्थी; मरीजों ने छोड़ा गाजा का शिफा अस्पताल

**गाजा**

इजरायल-हमास युद्ध को 40 से अधिक दिन हो चुके हैं, लेकिन यह युद्ध थमता नजर नहीं आ रहा है। इजरायली सेना की कार्रवाई से गाजा में लगातार बिगड़ते ही जा रहे हैं। इस बीच इजरायल के हमले से बचने के लिए गाजा का सबसे बड़ा अस्पताल भी खाली होता जा रहा है।

**गाजा का सबसे बड़ा अस्पताल हो रहा खाली**

समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा के सबसे बड़े अस्पताल में मौजूद शरणार्थी, मरीज और कर्मचारी पलायन कर रहे हैं। इजरायल की सेना गाजा शहर के सबसे बड़े शिफा अस्पताल में हमास कमांड सेंटर की तलाशी की। आरोप है कि हमास द्वारा शिफा अस्पताल में कमांड सेंटर स्थापित किया गया था और यही से हमास एक्टिव था।

**इजरायली सेना ने ली अस्पताल की तलाशी**

स्थानीय लोगों ने समाचार एजेंसी एपी को फोन पर बताया कि इजरायली सेना ने अस्पताल की तलाशी ली और लोगों के चेहरे को स्कैन भी किया। उन्होंने कहा कि इजरायली सैनिकों ने तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## अल शिफा अस्पताल पर मंडराया मानवीय संकट, 200 से अधिक मरीज मौजूद; 32 बच्चों की हालत गंभीर

**गाजा**

इजरायल-हमास युद्ध के बीच गाजा के सबसे बड़े शिफा अस्पताल पर मानवीय संकट का खतरा मंडरा रहा है। इजरायली सेना द्वारा अस्पताल से लोगों को निकाले जाने के बाद अब भी वहां 291 मरीज बचे हैं।

**अल शिफा अस्पताल में मौजूद हैं 291 मरीज**

संयुक्त राष्ट्र की एक टीम ने रविवार को बताया कि इजरायली सैनिकों द्वारा अन्य लोगों को निकाले जाने के बाद गाजा के सबसे बड़े अस्पताल में 291 मरीज बचे हैं। जिनमें से 32 ऐसे बच्चे हैं, जिनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

**2,500 लोगों ने अल शिफा अस्पताल छोड़ा**

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि शनिवार सुबह तक लगभग 2,500



लोगों ने अल शिफा अस्पताल छोड़ा है। अल शिफा अस्पताल में शरणार्थियों, मरीजों और चिकित्सा कर्मचारी मौजूद थे, जिन्होंने इजरायल द्वारा जारी की गई चेतावनी के बाद छोड़ दिया था।

गाजा के अल शिफा अस्पताल को मौत का क्षेत्र बताया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मौजूद लोगों ने इस डर से इस जगह को खाली कर दिया कि कहीं इजरायल इस जगह पर हमला न कर दे। उन्होंने कहा कि हल्उड आने वाले दिनों में और अधिक टीमों की तैनाती करेगी। यहां फंसे मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके।


**अस्पताल को दिया था एक घंटे का समय**

इस बीच इजरायली सेना ने बताया कहा कि अस्पताल के निदेशक ने उनसे मदद मांगी थी। सेना ने निदेशक के बयान का जिक्र करते हुए कहा था कि अस्पताल में फंसे उन लोगों को बाहर निकाला जाए, जो यहां से जाना चाहते हैं। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अब्बास ने कहा कि सेना ने अस्पताल को खाली करने का आदेश दिया और लोगों को बाहर निकालने के लिए अस्पताल को एक घंटे का समय दिया था।

## बर्खास्त होने के बाद अब सैम ऑल्टमैन की नई प्लानिंग, निवेशकों को दी अहम जानकारी

**सैन फ्रांसिस्को।**

सीईओ सैम ऑल्टमैन अब अपना उद्यम शुरू करने की योजना बना रहे है। सैम मे शनिवार को निवेशकों को इसकी जानकारी दी है। बता दें कि पूर्व ओपनएआई अध्यक्ष ग्रेग ब्रॉकमैन के इसमें शामिल होने की उम्मीद है। हालांकि, प्रोजेक्ट पर अभी भी काम जारी है। इस पर अब तक अधिक जानकारी हासिल नहीं हुई है और ग्रेग ब्रॉकमैन ने भी कोई



टिप्पणी नहीं की है। सैम ऑल्टमैन और एप्पल के पूर्व डिजाइन प्रमुख जॉनी इवे एक नए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हार्डवेयर डिवाइस के निर्माण पर चर्चा कर रहे हैं। इसी साल सितंबर में दी गई सूचना के मुताबिक, इस चर्चा में सॉफ्टबैंक के सीईओ मासायोशी सोन भी शामिल थे।

**शनिवार को किया था बर्खास्त**

जानकारी के लिए बता दें कि निर्माता कंपनी ओपन एआई के बोर्ड ने शनिवार को सीईओ सैम ऑल्टमैन को बर्खास्त कर दिया था। कंपनी ने एक बयान जारी कर बताया कि अब बोर्ड को सैम के नेतृत्व पर भरोसा नहीं रहा है। सैम की जगह अब भारतीय मूल की मीरा मुराती अंतरिम सीईओ का पद संभालेंगी।

**सैम ऑल्टमैन का बयान**

'ओपनएआई के साथ मैंने जितना भी समय बिताया है, वो काफी शानदार रहा। उन्होंने कहा कि यह समय खासकर मेरे लिए और कुछ हद तक दुनिया के लिए भी परिवर्तनकारी रहा।'

## पाकिस्तान का अल्टीमेटम, जनवरी तक निकाल दिए जाएंगे सभी शरणार्थी

**काबुल**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के सूचना मंत्री जान अचकजई ने कहा कि जनवरी 2024 तक देश से सभी अवैध अफगान शरणार्थियों को निर्वासित कर दिया जाएगा। मंत्री अचकजाई ने कहा कि कार्यवाहक सरकार द्वारा पिछले महीने जब निर्वासन कार्रवाई शुरू की गई थी तब तकरीबन 17 लाख अफगानी अवैध रूप से पाकिस्तान में रह रहे थे। पिछले दो महीनों में लगभग चार लाख अफगान शरणार्थी अफगानिस्तान निर्वासित किए गए हैं।



**समय सीमा की घोषणा**

सरकार शेष अफगान शरणार्थियों को वापस भेजने के लिए एक समय सीमा की घोषणा करेगी। उधर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सरकार ने भी अवैध रूप से रह रहे हजारों अफगानों को पेशावर से उनके देश भेजने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू करने का फैसला लिया है।

**24 बड़े आतंकी हमले**


उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने दावा किया था कि इस साल देश में हुए 24 बड़े आतंकी हमलों में से 14 को अफगान नागरिकों ने अंजाम दिया था।

हालांकि तालिबान के नेतृत्व वाली अफगान सरकार ने पाकिस्तान के दावे को खारिज कर दिया है। यूएन संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग ने कहा कि पाकिस्तान से लाखों की संख्या में अफगान शरणार्थियों की सामूहिक वापसी से अफगानिस्तान में गंभीर मानवीय संकट की स्थिति हो गई है।

## अब फलस्तीनियों के लिए पसीजा बाइड़न का दिल, उन पर हिंसा करने वाले इजरायलियों को नहीं देंगे वीजा

**वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि इजरायल-हमास युद्ध के बाद फलस्तीनी प्राधिकरण को गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक पर शासन करना चाहिए। बाइडन ने वॉशिंगटन पोस्ट के एक लेख में कहा- हम शांति के लिए



प्रयास करते हैं... गाजा और वेस्ट बैंक को एक ही शासन संरचना के तहत, अंततः एक पुनर्जीवित फलस्तीनी प्राधिकरण के तहत फिर से एकजुट किया जाना चाहिए, क्योंकि हम सभी दो-राज्य समाधान की दिशा में काम कर रहे हैं।

बाइडन ने कहा- गाजा से फलस्तीनियों का जबरन विस्थापन नहीं होना चाहिए, कोई कब्जा नहीं होना चाहिए, कोई घेराबंदी या नाकाबंदी नहीं होनी चाहिए और क्षेत्र में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ऑप-एड का उपयोग इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए किया कि संघर्ष समाप्त होने के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका गाजा के लिए क्या चाहता है।

**वीजा प्रतिबंध जारी करने को तैयार**

बाइडन ने यह भी कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका वेस्ट बैंक में नागरिकों पर हमला करने वाले "चरमपंथियों" के खिलाफ वीजा प्रतिबंध जारी करने के लिए तैयार है। 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमले के बाद से इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में रहने वाले फलस्तीनियों के खिलाफ इजरायली निवासियों द्वारा की जा रही हिंसा बढ़ गई है।

**बाइडन ने कहा-** मैं इजरायल के नेताओं से इस बात पर जोर देता रहा हूं कि वेस्ट बैंक में फलस्तीनियों के खिलाफ चरमपंथी हिंसा रुकनी चाहिए और हिंसा करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।


**वेस्ट बैंक में रहते हैं 30 लाख फलस्तीनी**

वेस्ट बैंक 30 लाख फलस्तीनियों का घर है जो आधे मिलियन से अधिक यहूदी निवासियों के बीच रहते हैं। यह इलाका 18 महीने से अधिक समय से उबल रहा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ रही है क्योंकि 7 अक्टूबर के बाद यहां हिंसा बढ़ गई है।

## पूर्व पीएम शहबाज शरीफ हाउसिंग स्कीम मामले में बरी

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ व अन्य को आशियाना-ए-इकबाल हाउसिंग स्कीम केस में बरी कर दिया। अदालत का यह फैसला राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो(एनएबी) की इस घोषणा के बाद आया है कि पंजाब में मुख्यमंत्री रहने के दौरान शहबाज शरीफ ने सरकारी फंड का



लाभ नहीं लिया और आशियाना-ए-इकबाल हाउसिंग स्कीम में अपने सार्वजनिक पद का दुरुपयोग नहीं किया। एनएबी ने यह भी कहा था कि सह आरोपित भी किसी भी गलत कार्य में शामिल नहीं थे। न्यायाधीश अली जुल्करनैन ने फैसला सुनाते हुए कहा, शहबाज शरीफ, वरिष्ठ अधिकारी फवाद हसन फवाद, लाहौर विकास प्राधिकरण के पूर्व महानिदेशक अहद खान चीमा व अन्य को बरी किया जाता है। आशियाना केस पहली बार वर्ष 2018 में सामने आया था। उस समय शहबाज विपक्ष के नेता थे। वहीं, दूसरी ओर जवाबदेही अदालत ने शुक्रवार को अल कादिर ट्रस्ट केस में पूर्व पीएम इमरान खान को चार दिन की एनएबी की हिरासत में भेज दिया है।

## मसाला चाय और परांठे की खोज से खुला उज्बेकिस्तान में पहला भारतीय रेस्तरां

**समरकंद**

**बंगलूरू** के मोहम्मद नौशाद स्टील इंडस्ट्री में नौकरी के बाद रिटायरमेंट ले चुके थे और रिटायरमेंट के बाद उनकी योजना दुनिया घूमने की थी लेकिन उनकी किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। दरअसल मोहम्मद नौशाद उज्बेकिस्तान के समरकंद घूमने गए। इस दौरान एक सुबह उनका अपना मनपसंद नाश्ता मसाला चाय और परांठा खाने का मन हुआ तो वह भारतीय





रेस्तरां की खोज में बाहर निकले और यह जानकर हैरान रह गए कि पूरे समरकंद में एक भी भारतीय रेस्तरां नहीं है।

यहीं से मोहम्मद नौशाद को समरकंद में पहला भारतीय रेस्तरां खोलने का विचार आया। आज 'द इंडियन किचन' उज्बेकिस्तान में रहने वाले भारतीयों के लिए पसंदीदा जगह बनकर उभरा है। खासकर उज्बेकिस्तान में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों के बीच यह रेस्तरां काफी लोकप्रिय है। दरअसल भारतीय छात्र समरकंद में भारतीय खाने की कमी महसूस करते थे, इस कमी को 'द इंडियन किचन' ने पूरा कर दिया है। मोहम्मद नौशाद का कहना है कि रिटायरमेंट के बाद काम करने की उनकी कोई योजना नहीं थी और साथ ही उन्हें रेस्तरां बिजनेस का भी कोई अनुभव नहीं था। जब मैं यहां पर्यटक के तौर पर आया था और मसाला चाय और परांठे की खोज में था।

## चीन के कोयला प्लांट में भीषण आग, 25 लोगों की मौत; कई घायल

**बीजिंग**

चीन में आज एक दर्दनाक हादसा देखने को मिला। यहां कि लुलियांग के उत्तरी शांक्सी प्रांत में एक कोयला कंपनी की इमारत में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई। इमारत में आग इतनी ज्यादा थी कि



लोगों को बचाना भी मुश्किल हो गया। हादसे में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। पड़ोसी मुल्क के सबसे बड़े कोयला उत्पादक केंद्र शांक्सी में चार मंजिला योंगजू कोयला उद्योग के इस इमारत में सुबह 6:50 बजे आग लगी थी।